हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## बड़ी सौगात



डामरीकरण अंतिम चरण में, पहले ट्रायल के तौर पर शुरू होगा आवागमन

## अगले सप्ताह से खुल सकता है कचना ब्रिज, वर्षों के जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के बहुप्रतीक्षित कचना फ्लाईओवर का इंतजार अब खत्म होने वाला है। वर्षों से रेलवे क्रॉसिंग पर रोज लगने वाले जाम से जूझ रहे हजारों लोगों को अगले सप्ताह बड़ी राहत मिलने जा रही है। फ्लाईओवर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और फिलहाल डामरीकरण का काम अंतिम चरण में है। इसके पूरा होते ही अगले सप्ताह किसी भी दिन से इस पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। शुरू में ब्रिज को ट्रायल के तौर पर खोला जाएगा, ताकि सर्विस रोड का काम समानांतर रूप से चलता रहे। पूरे प्रोजेक्ट को इस माह के अंत तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य है, ▸▸| शेष पेज 13 पर

### इस माह के अंत तक प्रोजेक्ट पूरा

*डामरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। इस माह के अंत तक पूरा प्रोजेक्ट तैयार हो जाएगा।*
*- के. चंद्रशेखर राव, ठेकेदार*

### बुधवार से खुलने के आसार

ठेकेदार के मुताबिक, ब्रिज पर डामरीकरण का काम सोमवार या मंगलवार तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सर्विस रोड पर काम शुरू होगा। ऐसे में बुधवार से फ्लाईओवर को अस्थायी रूप से यातायात के लिए खोलने की संभावना है। हालांकि, इसमें एक-दो दिन की देरी भी हो सकती है, लेकिन अगले सप्ताह से आवागमन शुरू होना लगभग तय है। फिलहाल यह शुरुआत अस्थायी होगी। संपूर्ण निर्माण कार्य पूरा होने के बाद फ्लाईओवर को लोक निर्माण विभाग को सौंपा जाएगा और फिर राज्य सरकार द्वारा औपचारिक उद्घाटन कर इसे स्थायी रूप से शुरू किया जाएगा।

### खबर प्रकाशित होने के बाद निगम कमिश्नर और विधायक पुरंदर पहुंचे

# रोटरी गोलाकार नहीं... अब ओवल शेप में बनेगी दावड़ा कांप्लेक्स के सामने 5 फीट छोटी होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- अभी भी सवाल बाकी, थाने के सामने लग सकता है जाम

खम्हारडीह थाना चौक के पास निर्माणाधीन रोटरी का घेरा अब गोलाकार न होकर ओवल शेप में होगा। थाने के दूसरी ओर दावड़ा काम्पलेक्स की तरफ 5 फीट पीछे की जाएगी। दावड़ा काम्पलेक्स के सामने जगह संकरी होने के अंदेशे में यह निर्णय लिया है। इसके लिए रोटरी का सरकुलर चेंज किया जाएगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा है, ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर यह परिवर्तन किया जाएगा, ताकि आम जनता को इस मार्ग से आने-जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। हरिभूमि ने सबसे पहले इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन को आगाह किया था कि विशाल रोटरी आने वाले दिनों में हजारों लोगों के लिए नासूर साबित हो सकती है। अभी केवल काम शुरू हुआ है और वहां दिनभर जाम के हालात बन रहे हैं। खासतौर पर शाम पांच बजे के बाद जाम लग रहा है। शनिवार शाम भी पुलिस के जवान हालात को काबू करने का प्रयास करते रहे। इसके बाद भी आवाजाही में लोगों को दिक्कत हुई। ▸▸| शेष पेज 13 पर



### भविष्य में जाम हुआ तो रोटरी हटाई जा सकती है

*सूत्रों के अनुसार पुलिस और निगम प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि फिलहाल रोटरी को एक तरफ से छोटा कर निर्माण कराया जाए। मलवा हटाकर गाड़ियों के आने-जाने को सुगम बनाया जाए। निर्माण के बाद कुछ दिन यह देखा जाएगा कि रोटरी बनने के बाद जाम के हालात बन रहे हैं या नहीं। अगर हालात पहले से बदतर हुए तो रोटरी को हटा दिया जाएगा। उसकी जगह सिग्नल लगाकर ट्रैफिक कंट्रोल करने की कोशिश की जाएगी।*






## खबर संक्षेप




### मोहदी में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**धरसीवां/कूंरा।** ग्राम मोहदी में पिछले 10 वर्षों से एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जो इस साल और ही भव्य तरीके से आयोजित किया गया । जिसमे प्रथम पुरस्कार 1.51 लाख रुपए और द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए रखा गया है जिसमें कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था साथ में और भी अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गए है साथ में फाइनल में दर्शकों के लिए इनाम और मनोरंजन के लिए डांसिंग अंपायर चीयर गर्ल फटाको की आतिशबाजी साथ में डीजे के साथ फाइनल मैच 3 मई को होना है। इस आयोजन के कार्यकर्ता है एमपीएल के चेयर मैन सोनराज साहू एवं एमपीएल समिति एवं समस्त ग्रामवासी मोहदी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन समिति सहित मोहदी के ग्रामीणजन जुटे हुए है।

### मोहदा में भागवत कथा आज से

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम मोहदा में 3 मई से 11 मई तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है।



जिसके कथा वाचक पं संजय शर्मा निनवा वाले होंगे। कथा के प्रथम दिन रविवार को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक है। यह भागवत कथा स्व गजेंद्र कुमार वर्मा (शिक्षक) की स्मृति में रखा गया है।

### अखबार बांटने वाले प्रशांत ने 10वीं बोर्ड में हासिल किए 87 प्रतिशत अंक

**धरसीवां / कूंरा।** ग्राम पंचायत टड़ा निवासी पिता नरेंद्र कुमार साहू, माता तारामति साहू जो कि कंपनी में रोजाना कार्य करने वाले के बच्चे प्रशांत कुमार साहू गौरवमेंट शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलतरा अध्ययनरत जो कि रोजाना अपने गांव में घर -घर दैनिक अखबार पेपर पहुंचाने का कार्य करते हुए अपने 10 वीं कक्षा की बोर्ड 2026 की वार्षिक परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने स्कूल में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने गांव एवं स्कूल का नाम गौरांवित किया है।



### बोर्ड परीक्षा में पीएम श्री कूंरा की छात्राओं ने लहराया परचम

**धरसीवां / कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा की छात्रा दिक्षा देवांगन ने 95.6 % के साथ प्रथम एवम अफसीन परवीन ने 95.5% के साथ दृतीय एवम ओजस्वी नायक ने 94% के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि ये विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है कि कक्षा 10वी में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले सभी छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। एवम कक्षा 12वी से राखी वर्मा ने 94.80% के साथ प्रथम, प्रियंका शर्मा ने 93.60% के साथ दृतीय एवम मोहहमद रजा ने 92.80%के साथ तृतिया स्थान प्राप्त किया है, कक्षा 12वी की टॉप 5 में सभी ने 90% से अधिक अंक अर्जित किया हैं। इस वर्ष भी अंग्रेजी माध्यम के 10वी एवम 12वी का कुल परिणाम 100% रहा। वही हिंदी माध्यम में 12वी का 93% एवम 10वी का कुल परिणाम 67% रहा।

### सूरज भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री बने

**आरंग।** सीजी प्रदेश किसान मोर्चा (भाजपा) के प्रदेश पदाधिकारी सूरज शर्मा रसनी (आरंग) को लोकतंत्र सेनानी (प्रहरी) संगठन में प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिदानंद उपासने व दिवाकर तिवारी की अनुशंसा से प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने की। इस पर सूरज शर्मा ने संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

**लापरवाही : शहरी अभनपुर को कागजों में बनाया ग्रामीण, जनता भुगत रही सजा**

# नगर पालिका में ग्रामीण नियम का पेंच, 45 दिन में मिल रहा गैस सिलेंडर, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर की जनता इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से जूझ रही है। शहरी क्षेत्र होने के बावजूद यहाँ के उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र के कोटे के हिसाब से 45 दिनों में एक सिलेंडर मिल रहा है। इस अव्यवस्था के कारण बड़े परिवारों के सामने भोजन पकाने का संकट खड़ा हो गया है और लोग पड़ोसियों या रिश्तेदारों से मदद मांगने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि अभनपुर को अप्रैल 2003 में ही नगरीय क्षेत्र घोषित कर दिया गया था और यहाँ की गैस एजेंसी 2004 में शुरू हुई। इसके बावजूद साईं बाबा इण्डेन गैस एजेंसी को रिकॉर्ड में ग्रामीण श्रेणी में रखा गया है। इसके विपरीत, यहां से मात्र 5 किमी दूर ग्राम पचेड़ा की सत्कार गैस एजेंसी (जो ग्रामीण क्षेत्र में है) वहां 25 दिनों में सिलेंडर वितरण किया जा रहा है।




#### शिकायतें मिल रही है

फूड इंस्पेक्टर ने कहा की शिकायतें मिल रही हैं। रिकॉर्ड में ग्रामीण क्षेत्र दर्ज होने के कारण सॉफ्टवेयर 45 दिनों से पहले बुकिंग नहीं लेता। हमने उच्चाधिकारियों को इस विसंगति से अवगत करा दिया है। एजेंसी संचालक साईं बाबा इण्डेन ने कहा की हमारे सॉफ्टवेयर में 45 दिन का 'लॉक' है। हमने विभाग और इंडियन ऑयल को पत्र लिखा है कि यह शहरी क्षेत्र है, अतः यहाँ 25 दिन का नियम लागू होना चाहिए। परमिशन मिलते ही हम सुविधा देने को तैयार हैं।

#### विकल्पहीन हैं शहरी उपभोक्ता


नगरीय क्षेत्र होने के कारण घरों में जगह की कमी है, जिससे लोग उज्ज्वला योजना के बाद पूरी तरह गैस पर निर्भर हो गए हैं। चूल्हा या सिगड़ी जलाने के लिए न तो पर्याप्त स्थान है और न ही साधन। जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार एसडीएम और खाद्य विभाग को अवगत कराने के बाद भी अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है।

#### उपाध्यक्ष की चेतावनी, होगा धरना-प्रदर्शन

नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा की सरकार एक तरफ सुशासन का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। नए कनेक्शन या दूसरी एजेंसी में ट्रांसफर का विकल्प भी बंद है। अगर इस समस्या का उच्च स्तर पर जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो हम शासन-प्रशासन के विरुद्ध उग्र धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

---

## 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में टोहड़ा स्कूल का शानदार प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोहड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार आडिल के अनुसार कुल 107 विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 16 द्वितीय श्रेणी एवं 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। मेरिट सूची में जीतू वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमकुम वर्मा (91.2%) द्वितीय, चेतना ध्रुव (90.4%) तृतीय, रोशनी वर्मा (89.7%) चतुर्थ एवं सौरभ वर्मा (89.4%) पंचम स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 99.19 प्रतिशत रहा। कुल 124 विद्यार्थियों में से 74 प्रथम श्रेणी, 47 द्वितीय एवं 2 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 विद्यार्थी पूरक आया। लक्ष्मी वर्मा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गीतांजलि साहू (91.5%) द्वितीय, सानिया वर्मा तृतीय, डिगेश्वर साहू (88.7%) चतुर्थ एवं विनीता (87.3%) पंचम स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य आर. एक्का, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तुकाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हेमचंद वर्मा एवं ग्राम सरपंच रूपेन्द्र वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार टोहड़ा विद्यालय क्षेत्र में पढ़ाई एवं अनुशासन के लिए जाना जाता है। शिक्षकों की कड़ी मेहनत एवं समर्पण का ही परिणाम है कि इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता हीरालाल सिंह, नौतन साहू, विक्रांत पैकरा, वीरेंद्र वर्मा, प्रतिभा अचारी, कविता वैष्णव, ऊषा एक्का, माहेश्वरी वर्मा, मंजू पैकरा, विद्या वर्मा, तोषण साहू, रेणु सावरकर, अजीत वर्मा, कमल साहू, डोमार वर्मा, रविन्द्र टोप्पो, गिरिजा देवांगन, प्रधानपाठक मनहरण लाल वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

---

## हत्या के प्रयास का फरार आरोपी शनि ध्रुव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

- पिता पर चापर से किया था जानलेवा हमला

थाना अभनपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी का नाम शनि उर्फ सन्नी ध्रुव (27 वर्ष) है, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा और शनिवार, 2 मई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी दीपक कुमार साहू (ग्राम बड़े उरला) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी को शाम करीब 3:30 बजे उसके पिता जुलाराम साहू अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी शनि ध्रुव मोटरसाइकिल से वहां पहुँचा और विवाद के दौरान दुकान में रखे मुर्गा काटने के चापर (धारदार हथियार) से जुलाराम साहू के गले पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जुलाराम साहू को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अपराध क्रमांक 66/2026 के तहत धारा 296, 351(2), 109 (BNS) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस की टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। शनिवार को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी शनि ध्रुव ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि वारदात के बाद वह हथियार वहीं छोड़कर मोटरसाइकिल से भाग निकला था। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त कर लिया है और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## कक्षा 8वीं में एकता वर्मा ने किया टॉप




**तरपोंगी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुंरा कक्षा 8वीं की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सगुनी की कुमारी एकता वर्मा ने 95.33 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान सगुनी की कु भूमिका साहू को 94.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर खैरखूँट की कु चेतना साहू 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव व स्कूल का नाम रोशन किया है। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता, पिता व शिक्षकों को दी है।

## मानस मंच संयोजकों का सम्मान

**आरंग।** राज्यस्तरीय रामायण महोत्सव का आयोजन आरंग क्षेत्र के 30 गांवों की आयोजन समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। हीरालाल साहू एवं अशोक साहू के मार्गदर्शन में फरवरी से अप्रैल तक संगीतमय तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान-व्याख्यान सम्मेलन का सफल संचालन हुआ। इस अवसर पर हीरालाल साहू, अशोक साहू, भागवत विभूषण पंडित संतोष तिवारी एवं अवध विश्वकर्मा को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सामाजिक मानस संगठन आरंग के पदाधिकारियों मानस लोधी, सीताराम यादव, लक्ष्मीनाथ साहू,



जयराम साहू, विनोद गुप्ता, भुवन साहू, मनहरण वर्मा, धनाऊ धुरंधर, पुरानीक साहू, देवशरण साहू, टोकेश साहू आदि द्वारा नारायण वन हनुमान मंदिर में सम्मानित किया गया। उन्हें राम नाम गमछा, सुंदरकांड पुस्तिका एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान दिया गया। इस आयोजन में रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, कवर्धा, दुर्ग, बालोद, धमतरी, कांकेर, बेमेतरा, राजनांदगांव, खैरागढ़, बस्तर सहित विभिन्न जिलों की लगभग 184 प्रसिद्ध रामायण मंडलियों ने भाग लिया। 30 गांवों में आयोजित मानस मंच के माध्यम से श्रीरामचरितमानस के पावन प्रसंगों एवं भजनों से ग्रामीणजन भावविभोर हुए। व्याख्यानों के माध्यम से बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों को नशामुक्त जीवन, धर्म के मार्ग पर चलने, समाज में एकता, शांति एवं सेवा का संदेश दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न ग्राम समितियों का सराहनीय योगदान रहा।

## सांसद लक्ष्मी वर्मा का आज आगमन, स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का आज तिल्दा आगमन हो रहा है। लक्ष्मी वर्मा के नगर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है । कार्यकर्ताओं ने स्वागत की जोरदार तैयारी कर रखी है। तिल्दा पहुंचने पर सर्वप्रथम जनपद कार्यालय के सामने बाजे गाजे के साथ जनपद सदस्यों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। यहां से वह एक खुली जीप में सवार होकर रैली की शक्ल में शहर का भ्रमण करते हुए स्टेशन चौक



पहुंचेगी जहां व्यापारी संघ के द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। हेमू कालानी चौक के बाद विकास कोटवानी के निवास के सामने लक्ष्मी बघेल का आतिशी स्वागत होगा । पश्चात पंजवानी निवास के सामने भी लक्ष्मी पटेल जी का स्वागत किया जाएगा । स्टेशन चौक तिल्दा से लेकर नेवरा तक लगभग 15 स्थान पर उनका स्वागत होगा। उनके आगमन को लेकर शहर में भाजपा के झंडे और फ्लेक्स भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में मंत्री टंक राम वर्मा पूर्व विधायक को लेकर प्रमोद शर्मा भी शामिल होंगे भाजपा नेता दीपक शर्मा विकास कोटवानी राम पंजवानी सुंदर दास पंजवानी रमेश अग्रवाल शहर महामंत्री सुरेश मंडल सौरभ जैन ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से रैली में शामिल होने की अपील की है।

## रेल पुल का नामकरण रानी पद्मावती करने की मांग की

**आरंग।** बुधवार को पूर्व तट रेलवे के संबलपुर डिवीजन की डीआरयूसीसी की मीटिंग डीआरएम सुभाषचंद्र चौधरी की अध्यक्षता तथा सीनियर डीसीएम गरिमा तिवारी के संचालन एवं संभाग स्तरीय रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। मीटिंग में डीआरयूसीसी सदस्य डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन एवं समस्त नगर व क्षेत्रवासियों की मांग पर आरंग नदीमोड़ के बीच महानदी पर बने नए रेल पुल का नाम रानी पद्मावती के नाम से नामकरण करने की मांग को तर्कसंगत रूप से प्रमुखता से रखा। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने राजा मोरध्वज की धर्मपत्नी रानी पद्मावती के नाम पर नामकरण करने के प्रस्ताव पर कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। तब डॉ. पाणिग्राही ने अपनी मांग के समर्थन में तर्क देते हुए कहा कि देश में अनेक रेल पुलों के नाम स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू सहित अन्य महापुरुषों के नाम पर पूर्व में रेलवे द्वारा नामित किए गए हैं।

## सिलतरा आत्मानंद स्कूल की खुशबू 95.33 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर

**धरसींवा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल, सिलतरा (डॉ. खूबचंद बघेल शिक्षण समिति एवं कुर्मी समाज द्वारा संचालित) के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा खुशबू चंद्रा ने 95.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की टॉपर बनीं। द्वितीय स्थान पर इशिका दीक्षित ने 94.83 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि चांदनी निषाद ने 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्नेहा जायसवाल ने 91.33 प्रतिशत एवं आंचल यादव ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में जिज्ञासा शुक्ला (90.16%), सूर्यकांत ध्रुव (90.00%), ऋतु झा (87.83%), नेहा कन्नौजिया (83.83%), सोमिल वर्मा (83.83%), राशु विश्वकर्मा (83.50%), संध्या साहू (81.50%), खेमराज डोंडेकर (81.50%), रिया वर्मा (80.66%) तथा योगेश कुमार साहू (80.00%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## शहीद वीरनारायण स्टेडियम में आईपीएल का रोमांच, टिकटों की बुकिंग आज से

**आरंग।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नया रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने जा रहे आईपीएल मैचों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह है। यह स्टेडियम आरंग विकासखंड के अंतर्गत नया रायपुर के परसदा (पलौद) में स्थित है, जिसके चलते स्थानीय निवासियों और आरंग क्षेत्र के युवाओं की खुशी का ठिकाना नहीं है। स्टेडियम के क्षेत्र में होने के कारण लोग भारी उत्साह के साथ टिकटों की जुगाड़ में लग गए हैं।राजधानी में 10 और 13 मई को दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे। 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा, जबकि 13 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच भिड़ंत होगी। इन दोनों ही मैचों की शुरुआत शाम 7:30 बजे से होगी। मैचों के लिए टिकटों की बुकिंग कल यानी 3 मई से शुरू हो रही है।प्राप्त अपडेट के अनुसार, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम 8 मई को रायपुर पहुंचेगी। यहां टीम छह दिन तक रुकेगी और मैदान पर अभ्यास भी करेगी।

इसके अलावा, मुंबई इंडियंस की टीम के भी 8 मई के बाद राजधानी पहुंचने की पूरी संभावना है। आरंग विकासखंड में स्थित इस विश्वस्तरीय स्टेडियम में इतने बड़े सितारों और टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय लोगों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। स्थानीय क्रिकेट प्रेमी बिना किसी लंबी यात्रा के इस अद्भुत अनुभव का लाइव लुत्फ उठा सकेंगे। स्टेडियम के इतने करीब होने के कारण दर्शकों में भारी उत्साह है और शहर में अभी से मैचों को लेकर शानदार चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

---

**67 लाख रुपए के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन**

# मांढर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा/ सिलयारी

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम पंचायत मांढर में विकास की गति को विस्तार देते हुए 67 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया और आतिशबाजी के साथ अपनी खुशी जाहिर की। यह नया भवन गांव में सामाजिक आयोजनों और सामूहिक गतिविधियों के लिए एक आधुनिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मांढर की पावन धरा पर इस भव्य भवन की नींव रखना उनके लिए हर्ष का विषय है। यह केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि गांव की एकता और सामाजिक आयोजनों का नया संगम स्थल बनेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार गांव, गरीब और किसान की उन्नति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'सांय-सांय' हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ को आदर्श राज्य बनाने की दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर आने वाले समय में और भी बड़ा निवेश किया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं भी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें, क्योंकि यह जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांढर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और क्षेत्र की हर समस्या का त्वरित निराकरण करना उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंचगण, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास की इस नई सौगात के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।



## तालाब गहरीकरण के नाम पर मुरम उत्खनन

**आरंग।** ग्राम पंचायत सिवनी के रामसागरा तालाब में अवैध मुरम खनन का घोटाला और भी गंभीर रूप ले चुका है। सिंचाई के लिए बने 28 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले इस तालाब को पैसे की लालच में सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से जेसीबी मशीनों द्वारा मनमाने ढंग से फोड़ा गया है। बिना किसी स्वीकृति के तालाब का पानी अंटवाकर निजी लाभ के लिए खनन माफिया दिन-रात लूटपाट पर उतर आए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तालाब के खसरा नंबर 1665 में बिना अनुमति, बिना ग्राम सभा प्रस्ताव और बिना खनिज रॉयल्टी के 3 जेसीबी मशीनों तथा 15 से 20 हाइवा ट्रकों के जरिए लगातार खनन किया जा रहा है। रोजाना करीब 100 ट्रिप हाइवा ट्रक मुरम लेकर निकाले जा रहे हैं। तालाब के आसपास के जमीन मालिकों और प्लॉटरों के इशारे पर यह पूरा खेल चलाया जा रहा है। तालाब को तोड़कर पानी निकालने का काम पैसे के लालच में किया गया, जिससे गांव की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह से खतरे में पड़ गई है। वर्तमान सरपंच और पंचायत पदाधिकारियों की प्रत्यक्ष मिलीभगत के चलते यह अवैध खनन खुलेआम 15 दिनों से चल रहा था। बताते चलें कि इस सरपंच पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं और उनके खिलाफ न्यायालय में मामला चल रहा है, इसके बावजूद उनकी मनमानी जारी है। गांव में इस घटना से अशांति का माहौल है। जिला कलेक्टर रायपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ एसडीएम को तत्काल जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दे दिए हैं।



# सीएम की दो टूक- वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्यप्रदेश में हाल ही में हुए क्रूज हादसे की दुखद घटना के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का सुदृढ़ता से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, जन सुरक्षा के विषय में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी और कोरबा सहित अन्य सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वहां सुरक्षा मानकों का तत्काल परीक्षण (सुरक्षा ऑडिट) सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन कराया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित वाटर स्पोर्ट्स स्थलों पर उपयोग में लाए जा रहे उपकरणों का नियमित तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन की तैनाती की जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समुचित आपातकालीन प्रबंधन तंत्र सक्रिय रखा



जाए। साथ ही रेस्क्यू उपकरणों, लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### नियमित समीक्षा करें

इन सभी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए और समय-समय पर इसकी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सतर्कता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए ही हम जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

### उल्लंघन की स्थिति में जवाबदेही तय करें

*उन्होंने कलेक्टरों को यह भी निर्देशित किया कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें तथा किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों/संचालकों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यकतानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य शासन नागरिकों एवं पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं मानक अनुरूप संचालित हों, जिससे संभावित जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।*

## खबर संक्षेप



### मजदूर दिवस पर श्रमिकों को बांटे सकोरे, छाछ और गमछे

**रायपुर।** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर छत्तीसगढ़ पंजाबी समाज द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राइव में शुक्रवार को भीषण गर्मी में कार्य कर रहे श्रमिक भाई-बहनों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष अलका मोदी एवं उनकी टीम के नेतृत्व में सुबह मरीन ड्राइव क्षेत्र में जुटे सैकड़ों श्रमिकों को चिलचिलाती धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। बढ़ते तापमान और 'लू' के प्रकोप को देखते हुए समाज द्वारा कई व्यवस्थाएं की गईं। जिसमें शीतल छाछ का वितरण, पक्षियों और स्वयं के उपयोग के लिए पारंपरिक मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। सिर को सीधी धूप से बचाने के लिए सभी मजदूरों को सूती गमछे भेंट किए गए। कार्यक्रम में अलका मोदी के साथ उनकी पूरी टीम और सीपीएसएस के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, यूथ विंग के अध्यक्ष विवेक साहनी, सचिव अमित वर्मा व अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### ओशो ध्यान शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर के ओशो प्रेमियों की ओर से एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन 3 मई को किया जा रहा है। कार्यक्रम तेलीबांधा के होटल किंग्सवे में शाम 4 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक चलेगा। शिविर का संचालन जांजगीर-चांपा स्थित ओशो मधुबन आश्रम के संचालक स्वामी आनंद एकांत करेंगे। शिविर में जीवन में तनावों और समस्याओं के बीच भी कैसे आनंद के पलों को पकड़ा जा सकता है, इसके लिए विशेष ध्यान होंगे। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने और मानसिक शांति के लिए जरूरी ध्यान प्रयोग बताए जाएंगे। रिलेक्सेशन के जरिए किस तरह व्यक्ति की ऊर्जा का प्रवाह बदला जा सकता है, इस पर विशेष प्रयोग होंगे। स्वामी आनंद एकांत ने बताया कि इस शिविर में रायपुर और आसपास के शहरों से भी ध्यान साधकों को आमंत्रित किया गया है।

### सुशासन तिहार भाजपा सरकार का दिखावा, जनता के साथ धोखा : कांग्रेस

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार की सुशासन त्योहार पर कहा, प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार द्वारा मनाया जा रहा तथाकथित "सुशासन तिहार" दरअसल जनता को गुमराह करने का एक सुनियोजित राजनीतिक प्रपंच है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में लाखों की संख्या में आम जनता ने अपनी समस्याएं सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, आवास, रोजगार एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी मांगों को लेकर आवेदन दिए थे। भाजपा सरकार ने उन आवेदनों को न केवल नजरअंदाज किया, बल्कि उन्हें रद्दी की टोकरी में डालकर जनता की भावनाओं का घोर अपमान किया। उन्होंने कहा कि आज भी रायपुर ग्रामीण सहित पूरे प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।

### गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के विरोध में आज कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री ने सभी जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को पत्र लिखकर देश व प्रदेश में घरेलू /कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्यान 3 मई को किए जाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा, बेतहाशा बढ़ती महंगाई से जनता अत्यंत परेशान एवं त्रस्त है। रसोई का खर्च दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन-यापन कठिन हो गया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने आम जनता की आवाज को बुलंद करने एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में 3 मई एक दिवसीय प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है।

---

चारों विधानसभा में पार्टी की स्थिति के आधार पर तैयार की गई कार्यकारिणी

# जिला कार्यकारिणी में शहर की दक्षिण विधानसभा पर फोकस, यहां से सबसे अधिक पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी में शहर की चारों विधानसभाओं को फोकस कर पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। राजधानी रायपुर में रायपुर दक्षिण, रायपुर उत्तर, रायपुर पश्चिम और रायपुर ग्रामीण सीटों पर चुनाव की तैयारी के दृष्टिकोण से कार्यकारिणी में नियुक्ति की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से रायपुर दक्षिण सीट ऐसी रही, जहां से कांग्रेस कभी नहीं जीत पाई। इस बार इस सीट पर फोकस करते हुए जिला कार्यकारिणी में सबसे अधिक 24 पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं उत्तर विधानसभा से 17 पदाधिकारी बनाए गए हैं। दोनों विधानसभा मिलाकर कार्यकारिणी में एक तिहाई लोगों को यहां पर फोकस कर तैयार किया गया है। वहीं पश्चिम से 13 और ग्रामीण से 7 पदाधिकारी बनाए गए हैं।

कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने जिला कार्यकारिणी शहर की चारों विधानसभा सीटों के पूर्व विधायकों और नेताओं से चर्चा कर तैयार किया है। सक्रिय लोगों को अपनी टीम में तैयार कर उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर अपनी कार्यकारिणी तैयार की है। रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए जिन पदों पर कार्यकारिणी के लोगों को लिया गया है। उनमें 3 उपाध्यक्ष, 7 महामंत्री, 9 सचिव और 5 कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लोगों को ही इसमें रखा गया है। सभी को यहां की गतिविधियों पर ध्यान देकर वहां के ब्लॉक एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। यहां से भाजपा ने पिछले पांच चुनावों में लगातार जीत दर्ज की है। ऐसे में अब यहां पर कांग्रेस अलग से रणनीति बनाकर काम कर रही है।




### ग्रामीण में शहर से कम

रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट में शहर की कुछ एरिया आते है। इनमें शहर जिला कार्यकारिणी में 7 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। विधानसभा का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण जिलाध्यक्ष में आता है। अतः शहरी क्षेत्र से सक्रिय नेताओं को शामिल किया गया है। आपसी सामंजस्य के तहत बनाए गए सभी सदस्यों को यहां की गतिविधियों में भाग लेने कहा गया है।



### पश्चिम विधानसभा पर भी ध्यान

रायपुर की पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने दो और कांग्रेस ने एक बार जीत दर्ज की है। यहां पर कांग्रेस ने जिला कार्यकारिणी में ऐसे लोगों को शामिल किया है जो यहां के सीट पर दखल रखते हैं। इस विधानसभा में युवा नेताओं की खास दिलचस्पी की वजह से यहां के कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी शामिल किए गए है। यहां के पूर्व विधायक की सलाह और सक्रिय नेताओं समर्थकों को शामिल करते हुए इस विधानसभा में प्रतिनिधित्व दिया गया है। यहां के मुद्दों के आधार पर इस सीट पर कांग्रेस का आधार बढ़ाने का प्रयास हो रहा है।

### दूसरे नंबर पर उत्तर विधानसभा

शहर का उत्तर विधानसभा में दो बार कांग्रेस और तीन बार भाजपा का कब्जा रहा। कांग्रेस यहां पर अच्छी पकड़ रखने के बाद भी बागियों के कारण चुनाव में पीछे रह जाती है। कार्यकारिणी में इस बार जिलाध्यक्ष ने यहां से 17 लोगों को जगह दी है। कांग्रेस के पदाधिकारियों में यहां से 3 उपाध्यक्ष, 7 महामंत्री, 4 सचिव और 3 कार्यकारिणी सदस्यों को स्थान दिया गया है। यहां के पूर्व विधायक और सक्रिय नेताओं के माध्यम से कार्यकारिणी में इन पदाधिकारियों को उनकी सक्रियता के आधार पर शामिल किया गया है।

---

# बैज ने कहा- सरकार सुनिश्चित करे बस्तर में बिछी बारूदी सुरंगों से और जानें न जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांकेर में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी ब्लास्ट में एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही के शहीद होने की घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह घटना



बहुत दुखद है, ईश्वर शहीद जवानों की आत्मा को शांति दे तथा उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति दे। इस दुखद घटना में जो जवान घायल हुए हैं, उनका समुचित इलाज हो, ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ करे। उन्होंने कहा, इससे साफ हो रहा कि खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। नक्सलवाद एक ऐसा दंश है, जिसे छत्तीसगढ़ विशेष तौर पर बस्तर के लोग लंबे समय से झेल रहे हैं। सरकार केवल हवाई दावे करके अपने कर्तव्य से मुंह न मोड़े। सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि अब वहां पर कोई और मौत नहीं हो। पूरे बस्तर में खतरनाक आईईडी प्रेशर बम जैसे न जाने कितनी घातक बारूदी सुरंगों का जखीरा दबा होगा, उसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। सरकार इनसे छुटकारा के लिए विशेष अभियान चलाये, यह सुरंगें न सिर्फ सुरक्षा बलों, आम आदिवासी के लिए भी घातक है।

### आकस्मिक घटना अत्यंत पीड़ादायक : किरण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग और सर्च



ऑपरेशन के दौरान शनिवार को हुए दुर्भाग्यपूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा, माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों और निर्दोष ग्रामीणों को नुकसान पहुँचाने के इरादे से बिछाए गए आईईडी को हमारे सतर्क जवान लगातार बरामद कर निष्क्रिय कर रहे हैं। हाल के महीनों में सैकड़ों आईईडी बरामद कर बड़ी घटनाओं को टाला गया है, किंतु आज की यह आकस्मिक दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। राज्य सरकार और संगठन पूरी तरह से शहीद जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है।

### सुशासन तिहार की सफलता से कांग्रेस में खलबली : ठाकुर



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार को मिल रहे अपार जन-समर्थन के मद्देनजर कहा है कि प्रदेश के कोने-कोने में जनता जिस उत्साह के साथ इस उत्सव से जुड़ रही है, उससे कांग्रेस खेमे में भारी खलबली मच गई है। श्री ठाकुर ने कहा, सुशासन तिहार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पिछले ढाई साल के पारदर्शी और जवाबदेह शासन का रिपोर्ट कार्ड है। महतारी वंदन योजना, किसानों को धान का बकाया बोनस और रामलला दर्शन जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने कांग्रेस के झूठ के पुलिंदे को ढहा दिया है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस के नेता अब कुंठा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पांच साल तक छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाले आज सुशासन शब्द से ही घबरा रहे हैं और कांग्रेस को अपना अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है।

---

# सुशासन तिहार में अवैध शराब बिक्री, सीमांकन-नामांतरण नहीं होने जैसी शिकायतें भी पहुंच रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार अभियान में 2 दिन में ही साढ़े 14 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। मांगों से जुड़े आवेदनों के अलावा अलग-अलग तरह की शिकायतें भी शासन-प्रशासन को मिल रही हैं।

हालांकि 2 दिनों में सिर्फ 7 सौ के आसपास ही शिकायतें मिलीं हैं, जो कुल आवेदन के 5 फीसदी से भी कम है। अभियान में जो शिकायतें मिलीं हैं उसमें नशीले पदार्थ और अवैध शराब बिक्री की 8 और एफआईआर दर्ज नहीं करने की भी एक शिकायत शामिल है। पोर्टल में दर्ज जानकारी के मुताबिक राजस्व विभाग की भी शिकायतें शासन तक पहुंचने लगी हैं। सीमांकन, नामांतरण नहीं होने की आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें आई हैं। इसी तरह अतिक्रमण, भूमि विवाद के भी दर्जनभर मामले पहुंचे हैं। बिजली से जुड़ी काफी शिकायतें भी अलग-अलग जिलों में पहुंची हैं। ट्रांसफार्मर, खंभे नहीं होने या उसमें बार-बार खराबी की 8 शिकायतें आ चुकी हैं। बिजली बिल को लेकर भी 4 लोगों ने शिकायत की है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों/कर्मियों की कमी की भी 2 शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं।

### सबसे ज्यादा आवेदन आवास, नगरीय एवं ग्रामीण विकास की

सुशासन तिहार में जो 14694 आवेदन 2 दिनों में आए हैं, उसमें सबसे ज्यादा 7835 आवास, नगरीय एवं ग्रामीण विकास से संबंधित है। इसमें भी ज्यादातर आवेदन प्रधानमंत्री आवास और विकास कार्यों से संबंधित हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले के 1488, राजस्व एवं भूमि संबंधित 1238, महिला समाज कल्याण के 844 एवं जल संसाधन विभाग के 799 आवेदन पहुंचे हैं।

### मंत्री-विधायक एवं अफसर भी पहुंचने लगे


सुशासन तिहार अभियान में पहले दिन से ही मंत्री-विधायक और अफसर सक्रिय हो गए हैं। मंत्री जहां अपने क्षेत्रों के गांवों में जाकर लोगों के आवेदन लेकर उसके निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। वहीं विधायक भी लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। अधिकारी और सरकारी अमला लोगों के आवेदन लेकर उसे निराकरण के लिए संबंधित विभागों में भेज रहे हैं।

# हमिंग कोटरी प्रोजेक्ट पर रेरा सख्त, 5 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने हमिंग कोटरी (अमूल्य रियलकान) आवासीय सहकारी समिति मर्यादित, कचना से जुड़े एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। प्रकरण में सुनवाई के बाद प्राधिकरण ने परियोजना में पाई गई विभिन्न कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

आदेश के अनुसार, प्राधिकरण ने कहा है कि 60 दिनों के भीतर अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर सामान्य क्षेत्र का हस्तांतरण करे। साथ ही प्रोजेक्ट में बैडमिंटन कोर्ट, लॉन, क्लब हाउस और सीवरेज सिस्टम में आरसीसी चैंबर जैसी बुनियादी सुविधाएं




- दो माह में बैडमिंटन कोर्ट, लॉन, क्लब हाउस और सीवरेज सिस्टम की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्राधिकरण ने स्विमिंग पूल के इनलेट-आउटलेट और फिल्ट्रेशन चैंबर को व्यवस्थित करने, क्लब हाउस पर सोलर पैनल लगाने तथा सीवेज संबंधी समस्याओं को दूर करने को कहा है। एसटीपी के कंट्रोल पैनल को दुरुस्त करने और गार्डन में फव्वारा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### आदेश का पालन न होने पर कड़ी कार्रवाई

रेरा ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का पालन नहीं होने पर संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अनियमितताओं के चलते अनावेदकगण पर 5 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे शासन कोष में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित है, जिसमें आवेदक की शिकायतों को सही पाते हुए परियोजना में सुधार के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

प्रदेश के दिग्गज नेता जाएंगे वक्ता के रूप में हर जिले में

# भाजपा का जिलों में प्रशिक्षण वर्ग अब 11 से 30 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का प्रदेश के 36 संगठन जिलों में 11 से 30 मई के बीच में प्रशिक्षण वर्ग होगा। दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहां प्रदेश के 11 दिग्गज विशेषज्ञ अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देने जाएंगे और भाजपा की रीति-नीति के बारे में बताएंगे, वहीं प्रशिक्षण वर्ग के जिलों के प्रभारियों को वहां पर दो दिनों तक रहना जरूरी होगा। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन देश के हर राज्य में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रहा है। राज्यों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने से पहले मुंबई में एक राष्ट्रीय वर्ग का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया था। इसमें हर राज्य के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाकर वहां पर प्रशिक्षण दिया गया था। अब राज्यों के यही मास्टर ट्रेनर अपने-अपने राज्य में प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से 28 भाजपा नेता प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण लेकर आए हैं। अब यही नेता यहां पर प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं।




### पहले मंडल, अब जिलों में प्रशिक्षण

प्रदेश भाजपा संगठन ने पहले चरण में अपने 479 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग चलाया। अप्रैल में मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग समाप्त होने के बाद जिलों के प्रशिक्षण वर्ग को लेकर रणनीति तैयार की गई है। मंडलों में सात विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग हुआ था। अब जिलों में 11 विषयों में प्रशिक्षण वर्ग होगा। इनके लिए अलग-अलग वक्ता जाएंगे। जो विषय विशेषज्ञ हैं, उनमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय, सांसद संतोष पांडेय, संदीप शर्मा, अवधेश जैन सहित और कई वक्ता हैं। ये ही जिलों में जाकर अपने विषयों पर प्रशिक्षण देंगे। हर जिले के प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रभारी भी बनाए गए हैं। प्रभारियों को वहां पर पूरे प्रशिक्षण वर्ग का जिम्मा संभालना है तो उनके लिए जिलों में रात को रूकना भी होगा। पहले इसके लिए 5 से 20 मई की तिथि तय की गई थी, लेकिन अब इसको बदलकर 11 से 30 मई किया गया है।

---

16 से 30 अप्रैल तक 1 लाख 49 हजार से अधिक परिवारों ने की स्वगणना


# जनगणना में 51 हजार से अधिक कर्मचारी जुटा रहे जानकारी

## घर-घर पहुंचकर प्रगणक करेंगे मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का फील्ड कार्य आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। 1 मई से शुरू हुआ यह महाभियान 30 मई तक चलेगा। कार्य के लिए राज्यभर में 51 हजार 300 प्रगणक और 9 हजार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर डेटा एकत्रित कर रहे हैं।

इस बार की जनगणना ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है। प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रश्नों की जानकारी दर्ज करेंगे। प्रशासन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि जब भी प्रगणक उनके घर आएं, उन्हें सही और सटीक जानकारी प्रदान करें। आपका यह सहयोग केवल जानकारी मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में आपका अमूल्य योगदान है।




### उपलब्धियां और उत्साह का वातावरण

दुर्गम क्षेत्रों में मिसाल- बस्तर जिले के तोकापाल तहसील अंतर्गत ग्राम गाटम के प्रगणक ने विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले ही दिन कार्य पूर्ण कर राज्य स्तर पर उत्साह का संचार किया। अभियान के पहले दिन ही जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्तों ने फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। स्व-गणना राज्य में डिजिटल साक्षरता का प्रभाव दिखा, जहाँ 16 से 30 अप्रैल के बीच 1 लाख 49 हजार 862 परिवारों ने वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना की।

### डेटा सुरक्षा और गोपनीयता की गारंटी

जनगणना निदेशालय ने आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह जानकारी किसी भी टैक्स, पुलिस जांच या कोर्ट केस में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकती। यहाँ तक कि सूचना का अधिकार के माध्यम से भी व्यक्तिगत डेटा प्राप्त नहीं किया जा सकता। इन आंकड़ों का उपयोग केवल राष्ट्र निर्माण और जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण हेतु किया जाएगा।

### अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई

प्रशासन ने जनगणना कार्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है। रायपुर नगर निगम में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले 44 कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम 1948 और छत्तीसगढ़ सिविल आचरण नियमों के तहत नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में बाधा डालना या इससे इनकार करना एक दंडनीय अपराध है।

# भगवान के दर्शन से मिट जाते हैं दुख-दोष : स्वामी सुखानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से श्रीरामकृष्ण मंदिर में शनिवार से रामायण कथा का आयोजन कया गया। इस अवसर पर



केंवट प्रसंग पर प्रवचन देते हुए रामकृष्ण मठ, भुज, गुजरात के अध्यक्ष स्वामी सुखानंद महाराज ने कहा कि आज बुद्ध-पूर्णिमा है, यह त्रिधन्य दिवस है और आज ही विश्वविख्यात रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस है, ऐसे पावन दिवस पर श्रीराम कथा श्रवण करना बड़े सौभाग्य की बात है। राजा दशरथ अपने कान के पास एक पका बाल देखकर चिंतित हो गए और श्रीराम को अयोध्या का राज्य देने को तत्पर हो गए, किंतु आज हम लोगों के सबके बाल कितने पक गए हैं, फिर भी हम कुछ नहीं सोचते, केंवट भगवान श्रीराम से कहता है कि प्रभु मैं आपके मर्म को जानता हूँ, यदि आपको नदी के पार जाना है, तो पहले अपना चरण धोने के लिए मुझे कहिए। भगवान श्रीराम कहते हैं कि जो मेरी भक्ति करता है, मैं उससे प्रसन्न रहता हूँ। यद्यपि लक्ष्मण जी और सीताजी ने श्रीराम की बात न मानकर साथ में वन गए, आज्ञा की अवहेलना की फिर भी भगवान उन पर प्रसन्न रहते हैं। गंगा पार कर नाव से उतर कर केंवट ने भगवान को दण्डवत प्रणाम किया। जब भगवान श्रीराम ने उसे कुछ देना चाहा, तो उसने कहा कि प्रभु आज मुझे सब कुछ मिल गया। हे प्रभु, मेरे सभी दोष, दुख दरिद्र मिट गए, भगवान का नाम लेने से काम, क्रोध आदि नियंत्रण में रहते हैं और भगवान के दर्शन से हमेशा के लिए काम, क्रोध, दोष आदि नष्ट हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### चित्रांशोत्सव में मुख्यमंत्री साय, विस अध्यक्ष रमन होंगे शामिल

**रायपुर।** श्री चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति, रायपुर के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के अवसर पर प्रदेश स्तरीय चित्रांशोत्सव 2026 का भव्य आयोजन रविवार को राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया, चित्रांशोत्सव का यह 15वां वर्ष है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे तथा अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 12:30 बजे से समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सायं 4:30 बजे से समाजजन एकत्रित होंगे, जिसके पश्चात 5:00 बजे पूजन, आरती एवं भजन का आयोजन किया जाएगा। सायं 5:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। इसके उपरांत रात्रि 8:00 बजे से संगीत संध्या का आयोजन होगा।

### रायपुर प्रेस क्लब में आज चित्रकला प्रतियोगिता

**रायपुर।** प्रेस फ्रीडम डे' के अवसर पर 3 मई को रायपुर प्रेस क्लब में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। ड्राइंग शीट प्रेस क्लब में उपलब्ध कराई जाएगी, बाकी सामान बच्चों को साथ लेकर आना है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित प्रतियोगिता में प्रेस क्लब परिवार के अधिक से अधिक बच्चे शामिल हो सकते हैं। सभी वरिष्ठजनों से आग्रह है बच्चों को प्रेस, मीडिया और फ्रीडम विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने प्रोत्साहित करेंगे। प्रतियोगिता में प्रेस क्लब परिवार से बाहर के छात्र भी भाग ले सकते हैं।

### साध्वी प्रीतिसुधा महाराज का देवलोक गमन

**रायपुर।** जैन सम्प्रदाय की



संस्कारभारती वाणिभूषण प्रीतिसुधा महाराज का 1 मई को 1 बजकर 12 मिनट पर संथारा पूर्वक पुणे में देवलोक गमन हुआ। यह जानकारी पुणे से अशोक मुकीम ने देते हुए बताया कि अंतिम विदाई शाम 4 बजे क्षेत्रपाल प्रतिष्ठान सेनापति बापट रोड, पुणे से की गई। सकल जैन समाज द्वारा सन 1995 में रायपुर स्थित दादाबाड़ी में बड़े धूमधाम एवं धार्मिक माहौल में महाराज साहब का निर्विघ्न चौमासा सम्पन्न कराया था, आपकी प्रेरणा से ही इस चौमासे में भनपुरी स्थित बंजारी धाम में गोशाला की स्थापना की गई, जो कि आज तक सुचारू रूप से चल रही है। श्री मुकीम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष चौमासे में उनके नेतृत्व में महाराज साहब के दर्शनार्थ 10 से 15 जोड़े एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश से हजारों की तादाद में दर्शनार्थी जाते थे।


**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सुकमा सिन्हा पति श्री युवराज सिन्हा निवासी-माना बस्ती तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने रामकृष्ण शुक्ला पिता सच्चिदानंद शुक्ला निवासी-उरला तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व की ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 26 रा.नि.म व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 168/1, 169/1 का भाग रकबा 0.0328, 0.0210 हे. का टुकड़ा को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय विलेख पंजीयन कराना शेष है।

अतः उक्त भूमि के संव्यवहार बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैक या किसी भी अन्य को कोई उजर, दावा हो तो मय सुसंगत दस्तावेज सहित 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति पेश करे। मियाद बाद मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन क्रेता के पक्ष में करा लेगा। उसके बाद की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना ताकीद जाने।**

स्थान अभनपुर
दिनांक 02/05/2026

**सोहन सिन्हा (अधिवक्ता)**
**तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर**
**जिला रायपुर छत्तीसगढ़**
**मो. नं. 7224998722**


# ट्रैफिक का बढ़ता दबाव कम करने पहले रोटरी बनाई, सक्सेस नहीं इसलिए सिग्नल विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने नगर निगम, ट्रैफिक विभाग यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर ट्रैफिक को स्मूथ करने नए प्रयोग कर रहा है। इसकी जानकारी आम जनता को नहीं रहती। खासकर भीड़ वाले इलाकों के चौराहे जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, वहां इस तरह के प्रयोग लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। चाहे वो चौड़ी सड़क को सकरी कर रोटरी बनाने का मामला हो या ट्रैफिक सिग्नल को बंद कर दोबारा शुरू करने का मामला। इससे लोगों को जाम की समस्या का स्थायी समाधान तो नहीं मिल पा रहा, उल्टा उनकी परेशानी पहले से ज्यादा बढ़ने लगी है। एक रिपोर्ट -

हरिभूमि सरोकार

## रोज की किचकिच आए दिन ट्रैफिक जाम, समय पर गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत

**केस 1**

### खम्हारडीह थाने के सामने 33 फीट की रोटरी कैंसिल, अब ओवल शेप में बनेगी छोटी रोटरी

खम्हारडीह थाना चौक के पास निर्माणाधीन 33 फीट परिधि की विशाल रोटरी टूटेगी, इसकी जगह ओवल शेप में कम चौड़ाई वाले सीमेंट की अस्थायी रोटरी बनाई जाएगी। यही नहीं, इसे स्थायी रूप देने से पहले इसका परीक्षण किया जाएगा। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही शनिवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, यातायात विभाग के आला अफसर और निगम के रोड इंजीनियर की टीम स्पॉट पर पहुंची। निरीक्षण के बाद रोटरी की साइज को छोटा करने का निर्णय लिया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने अफसरों से कहा कि इतनी बड़ी रोटरी बनाने की जरूरत नहीं है, इसे छोटा कराओ। जो लंबा-चौड़ा घेरा बनाए हो, उसे पाट दो। श्री मिश्रा ने नगर निगम और ट्रैफिक



महकमे के अधिकारियो को निर्देशित किया कि आम जनता की सुविधा के लिए पहले ओवल शेप में सीमेंट की अस्थायी रोटरी बनाएं फिर परीक्षण करें। परीक्षण में सफल होने के बाद वहां छोटे आकार की स्थायी रोटरी बनाई जाए। महापौर मीनल चौबे ने कहा हमने विशाल रोटरी बनाने से मना कर दिया है, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। नगर निगम इसमें निर्माण एजेंसी है, सड़क की चौड़ाई को देखते हुए नए सिरे से सर्वे कर छोटी रोटरी बनाई जाए।

**केस 2**

### नमस्ते चौक देवेंद्र नगर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित नमस्ते चौक चौराहा देवेंद्र नगर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रैफिक को स्मूथ करने कुछ समय पूर्व ट्रैफिक सिग्नल हटाकर वहां रोटरी का निर्माण कराया, पर वहां रोटरी सक्सेस नहीं रही और ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रही। इसे देखते हुए दोबारा वहां ट्रैफिक सिग्नल से यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। शहर का व्यस्तम मार्ग होने से भीड़भाड़ ज्यादा रहती है, इसलिए यहां ट्रैफिक सिग्नल को ज्यादा प्रभावी माना जा रहा है।

**केस 3**

### भारतमाता चौक शंकर नगर

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित शंकर नगर केनाल रोड के भारतमाता चौक पर चौतरफा यातायात के दबाव को नियंत्रित करने नगर निगम और यातायात विभाग ने यहां कुछ समय पूर्व रोटरी बनाकर सुगम आवागमन बनाने व्यवस्था बनाई। पर प्रायोगिक तौर पर किया गया यह प्लान सफल नही रहा। इसे देखते हुए भारतमाता चौक में एक बार फिर ट्रैफिक सिग्नल से लोगों को राहत देने की व्यवस्थ्ज्ञा बनाई गई है। यहां डिवाइडर सुधार, फ्री लेफ्ट टर्न जैसे कदम उठाने की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण चौराहे के रूप में इसे चुना गया है।

## समय-समय पर कार्रवाई, लेकिन तस्करों पर सख्ती नहीं

# न पर्यावरण की अनुमति, न ही ड्रोन से निगरानी, उड़नदस्ता भी फील्ड में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत, मुरुम एवं गिट्टी, क्रेशर की कई खदानें अवैध रूप से चल रही हैं। इन खदानों में कईयों को खनिज विभाग या पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं मिल पाई है। इनमें से ज्यादातर खदानों में दिन ढलने के बाद रात में खनन कर परिवहन किया जा रहा हैं, जिसका विभाग की टीम या उड़नदस्ता द्वारा औचक निरीक्षण तक नहीं किया जा रहा हैं। इधर खनिज विभाग अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खदानों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने की नई योजना भी लाया है। इसके तहत ड्रोन से निगरानी करने एजेंसियों से अनुबंध किया है। ये एजेंसियां किसी भी समय सूचना या शिकायत मिलते पर ड्रोन के माध्यम से अवैध खनन का फूटेज निकालकर तत्काल इसकी जानकारी विभाग के कंट्रोल रूम में देगी, ताकि बिना देर किए उड़नदस्ता मौके पर पहुंचकर अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर सके, लेकिन अभी तक यह योजना भी शुरू नहीं हो पाई है। इन कारणों से जिले में खनिज सामग्री के अवैध खनन पर भी अंकुश लग नहीं पा रहा है।

***पर्यावरण एनओसी के बगैर रेत खदानों में उत्खनन जारी:*** रायपुर जिले में वर्ष 2023 में 13 रेत की खदानों की नीलामी हुई थी। इनमें से 8 खदानों को ही पर्यावरण विभाग ने एनओसी जारी किया था, वहीं शेष 5 खदानों को एनओसी ही नहीं मिल पाया। इसके बाद भी इन 5 खदानों में बगैर एनओसी के रेत का उत्खनन होता रहा। इधर पिछले वर्ष 2025-26 में 7 नई खदानें घोषित कर इनकी भी नीलामी की गई, लेकिन इन खदानों के पट्टेदारों को भी अभी तक पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाई है। सूत्रों से पता चला है कि इन खदानों में से कुछ खदानों में रात में अवैध रूप से उत्खनन का कार्य जारी है।

## इसलिए अवैध खनन-परिवहन पर अंकुश नहीं



### रात में टीम-उड़नदस्ता ने निरीक्षण करना छोड़ा

रेत एवं मुरुम से जुड़े माफिया ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने का ट्रेंड बदल दिया है। दिन की जगह अब ज्यादातर रात के समय में ही रेत और मुरुम की खदानों में अवैध उत्खनन के साथ परिवहन एवं भंडारण किया जा रहा है। पिछले दो वर्ष खनिज विभाग की टीम ने दिन के अलावा रात के समय औचक निरीक्षण कर कई बार कार्रवाई भी की हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से टीम दिन और रात में निकल नहीं रही है, जिसके कारण अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर न ही अंकुश लग पा रहा हैं और न ही कार्रवाई हुई है।

### पुरानी खदानों में 6 खदानों को एक्सटेंशन पर पर्यावरण से एनओसी नहीं

पुरानी रेत की 13 खदानों में रेत उत्खनन का ठेका 2 वर्ष के लिए दिया गया था। इनमें 6 खदानें कुरुद, लखना, कागदेही, कुम्हारी, पारागांव एवं हरदीडीह की अवधि 10 फरवरी 2025 को खत्म हो गई, वहीं 7 खदानों में जी-कुरुद, मोहमेला-ए, मोहमेला-बी, चिखली-ए, चिखली-बी, चिखली-सी तथा राटाकाट की अवधि सितंबर 2025 में खत्म हो गई। इनमें से 6 खदानों की अवधि खत्म होने के बाद खनिज विभाग ने एक वर्ष के लिए एक्सटेंशन दिया है, जिसके आधार पर इन खदानों में उत्खनन का कार्य अभी भी जारी है। हालांकि सूत्र से जानकारी मिली है कि एक्सटेंशन तो मिल गया, लेकिन इन खदानों को पर्यावरण विभाग से दोबारा एनओसी अभी तक नहीं मिल पाई हैं। इस तरह से ये खदानें वैध होकर भी अवैध रूप से ही चल रही हैं। हालांकि विभाग के अधिकारी इस मामले में जानकारी देने से बच रहे हैं।

### करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान

खनिज सामग्रियों पर अंकुश नहीं लगने के कारण हर महीने शासन को खनिज सामग्रियों की रायल्टी के रूप में करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। इस नुकसान की भरपाई के लिए विभाग सिर्फ खानापूर्ति कार्रवाई कर अवैध परिवहन में संलिप्त कुछ वाहन ही पकड़ रहा है।

### एक नजर.. खदानों का विवरण

कुरुद, लखना, कागदेही, कुम्हारी, पारागांव एवं हरदीडीह की अवधि 10 फरवरी 2025 को खत्म हो गई। जी-कुरुद, मोहमेला-ए, मोहमेला-बी, चिखली-ए, चिखली-बी, चिखली-सी तथा राटाकाट की अवधि सितंबर 2025 को खत्म हो चुकी।

***नई खदानें :*** गोबरा नवापारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीला-ए, टीला-बी, चांपाझर-ए, चांपाझर-बी, आरंग में हरदीडीह-बी, कुरूद-सी एवं राटाकाट-बी शामिल है। इन खदानों की नीलामी नवंबर-दिसंबर 2025 में हो चुकी हैं, लेकिन अब तक पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिला है।

## दो अलग-अलग मामलों में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में चार तस्करों को 15 तथा 5 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रतिबंधित कफ सिरप तस्करी करने के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने चार आरोपियों को 15-15 वर्ष के साथ एक आरोपी को पांच साल कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख तथा 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। कोर्ट ने जिन आरोपियों को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है, उनके खिलाफ टिकरापारा थाना में एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज थे। कोर्ट ने दीपक सेठ, रोहित सिंह तथा योगेश्वर देवांगन को प्रतिबंधित कफ सिरप तस्करी करने के आरोप में 15-15 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने अरमान खान को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने दीपक तथा उसके साथियों के कब्जे से मुखबिर की सूचना पर छह सितंबर 2022 को कफ सिरप जब्त किया था। तीनो बुलेट में 235 प्रतिबंधित कोडिन सिरप लेकर जा रहे थे।

- **आरोपियों को डेढ़-डेढ़ लाख और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा**

## विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति की एक अनमोल पहचान है ओडिशी नृत्य



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित टाउन हॉल में 15 दिवसीय 1 से 15 मई तक आयोजित विश्व विख्यात ओडिशी नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर प्रसिद्ध नृत्यांगनाओं में आदिशानंद, नैना कुसुम सहित अन्य कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन "नृत्य श्री धारा" संस्था की संचालिका एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नृत्यांगना आर्या नंदे के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिनकी कला साधना ने भारत को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ओड़िशी नृत्य विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति की एक अनमोल पहचान है। श्रीमती जगत ने अपने संबोधन में कहा कि आर्या नंदे समाज की गौरव हैं, जिन्होंने 60 से अधिक देशों में ओडिशी नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद अमर गिदवानी, सुरेश बत्रा, निशा सामंत राय, अंकिता पाल, अभिलाषा कुसुम सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी और नागरिक उपस्थित रहे।

## बीमा पॉलिसी के नाम पर 63 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने बीमा पॉलिसी के नाम पर 63 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक बीमा कंपनी के सेल्स मैनेजर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने अपने परिचित को वर्ष 2014 से 2021 के बीच अंधेरे में रख कर बीमा की रकम सुनियोजित तरीके से साजिश कर ठगी की। रकम से अपना कारोबार शुरू किया। भनपुरी निवासी अमन अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने मयूर बारमेडा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ठगी की रकम से मयूर चाय गोविंदम की फ्रेंचाइजी चला रहा था। अमन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मयूर के संपर्क में वर्ष 2007-08 में आया, तब मयूर एक बीमा कंपनी में सेल्स मैनेजर था। मयूर ने अमन के भरोसे का फायदा उठाकर मार्केट लिंक बीमा पालिसी का प्रस्ताव देते हुए ज्यादा रिटर्न का लालच दिया। परिवार पहले से उसके माध्यम से बीमा पालिसी लेता आ रहा था, इसलिए उस पर विश्वास कर पूरे परिवार का बीमा कराया।

## दिनभर चिपचिपाहट भरी गर्मी ने किया हलाकान शाम होते ही चली आंधी और पड़ी बौछारों से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल के महीने में तेज गर्मी से झुलसाने के बाद मई की शुरुआत उमसभरी गर्मी के साथ हुई है। शनिवार को दिनभर चिपचिपाहट के बाद शाम होते ही मौसम का मिजाज बदला। कुछ देर चली तेज आंधी और पड़ी बौछारों ने गर्मी से राहत दिलाई। महीने की शुरुआत 42 डिग्री यानी सामान्य स्थिति से हुई है मगर अंत तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना है। रायपुर में 1988 में 47.9 डिग्री की गर्मी पड़ चुकी है।

- **मई की शुरुआत 42 डिग्री के साथ, अंत तक 45 तक पहुंच सकता है तापमान**

अप्रैल के महीने में अधिकतम तापमान 44.6 पहुंचकर दस साल के रिकार्ड को ब्रेक कर चुका है। दिलचस्प बात यह रही कि अप्रैल के महीने में इस बार मौसम का मिजाज नहीं बदला और अंधड़-पानी का दौर नहीं बन पाया था। मई की शुरुआत होने के बाद मौसम में बदलाव नजर आया। हवा के साथ आने वाली नमी के कारण तापमान अपनी सामान्य स्थिति पर पहुंच चुका है। शनिवार को दिनभर वातावरण में मौजूद नमी के कारण उसमभरी गर्मी ने हालाकान किया। तेज धूप के साथ मौजूद चिपचिपाहट की वजह से लोगों को असहजता का सामना करना पड़ा। शाम होने के बाद अचानक बादल छा गए और कुछ देर के लिए जोरों की आंधी चली। इस दौरान पानी की मोटी-मोटी बूंदों के साथ बौछारें पड़ी। मौसम में आए बदलाव की वजह उमस से थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस महीने गर्मी चरम होने के साथ मौसमी बदलाव की घटनाएं भी काफी अधिक होता है। इससे तापमान में उतार चढ़ाव का दौर भी बना रहता है। सामान्यतः मई के अंतिम दिनों में तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच पहुंच जाता है। वैसे मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर में 30 मई 1988 को सर्वाधिक तापमान 47.9 रिकार्ड किया गया था।

### अभी ऐसा सिस्टम

विशेषज्ञों के अनुसार मई के पहले सप्ताह में मौसम का मिजाज बदले रहने की संभावना है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ कश्मीर और उसके आसपास विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण उड़ीसा से मन्नार को खाड़ी तक मौजूद है। अगले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में बड़ा परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। मगर वातावरण में मौजूद नमी से उमस बरकरार रहने के आसार हैं।

## बिजनेस साइट

### 'सोफा धमाका' सेल का आज अंतिम दिन प्रीमियम फर्नीचर पर 40% तक की छूट

**रायपुर।** शहर के प्रमुख फर्नीचर प्रतिष्ठान घर फर्नीचर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'सोफा धमाका' सेल का आज अंतिम दिन है। 01 मई से शुरू हुई इस विशेष सेल में ग्राहकों को प्रीमियम फर्नीचर आकर्षक कीमतों पर खरीदने का अवसर मिल रहा है। प्रतिष्ठान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सेल के तहत सोफा सेट सहित विभिन्न घरेलू फर्नीचर पर फ्लैट 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। साथ ही ग्राहकों को विशेष फ्री फर्नीचर ऑफर का लाभ भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सोफा सेट की शुरुआती कीमत 25 हजार रुपये रखी गई है। शोरूम संचालक ने बताया कि संस्था का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ फर्नीचर को आम लोगों तक किफायती दरों पर पहुंचाना है। सेल में सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, बेड और अन्य घरेलू फर्नीचर उपलब्ध हैं। ग्राहकों के लिए कस्टमाइज्ड फर्नीचर बनवाने की सुविधा भी दी जा रही है। यह शोरूम पंडरी मेन रोड, विधान सभा मार्ग, रायपुर में स्थित है।

GHAR Furniture

### 14 साल की चुनौती पर आईवीएफ की जीत, साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय में महिला बनी मां



**रायपुर।** एसबीएच साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा तकनीक और विशेषज्ञ उपचार की बदौलत एक जटिल मेडिकल चुनौती का सफल समाधान सामने आया है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आशीष महोबिया के मार्गदर्शन में एक ऐसी महिला, जिसे किशोरावस्था से ही प्राकृतिक रूप से मातृत्व प्राप्त करने में असमर्थ बताया गया था, आज आईवीएफ तकनीक के माध्यम से मां बनने का सुख मिला है। जांच में महिला के प्रजनन अंग का विकास सामान्य से कम पाया गया और हाइपोगोनाडोट्रोफिक हाइपोगोनाडिज्म की पुष्टि हुई, जिसके कारण प्राकृतिक गर्भधारण संभव नहीं था। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति महोबिया की देखरेख में पहले दवाइयों और हार्मोनल उपचार के जरिए प्रक्रिया शुरू की गई। बाद में उन्नत आईवीएफ तकनीक अपनाई गई, जिसमें सफल भ्रूण प्रत्यारोपण के बाद गर्भधारण संभव हुआ। करीब एक साल चली उपचार प्रक्रिया के बाद 9 अप्रैल 2026 को महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। यह सफलता आधुनिक चिकित्सा, धैर्य और पारिवारिक सहयोग का प्रेरक उदाहरण बन गई है।

## पेज 11 के शेष ...

### अगले सप्ताह से खुल ....

जिसके बाद राज्य सरकार द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। करीब 36 करोड़ रुपए की लागत से अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब अंतिम पड़ाव पर है। हालांकि, निर्माण के अंतिम चरण में डामर की कीमतों में अचानक आई बढ़ोतरी ने काम को प्रभावित किया। ठेकेदार के. चंद्रशेखर राव के अनुसार, 13 अप्रैल को विशाखापट्टनम स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम प्लांट से 180 टन डामर 82 हजार रुपए प्रति टन के हिसाब से खरीदा गया था और भुगतान भी कर दिया गया था। बावजूद इसके, कीमत बढ़ने के बाद कंपनी ने सप्लाई रोक दी और नई दर पर भुगतान की शर्त रख दी। लंबी बातचीत के बाद 100 टन डामर पुरानी दर पर मिला, जबकि शेष 80 टन 98 हजार रुपए प्रति टन की दर से खरीदना पड़ा। इससे निर्माण लागत में करीब 80 लाख रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया।

### रोटरी गोलाकार नहीं... अब ....

वहीं, खबर प्रकाशित होने के बाद शनिवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने निगम आयुक्त विश्वदीप तथा ट्रैफिक महकमे के आला अधिकारी को तत्काल निर्माणधीन रोटरी के मलबे को हटाने और उस जगह को समतल कर छोटी आकार की रोटरी बनवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि दावड़ा काम्पलेक्स के सामने जगह की कमी हो सकती है। खासतौर पर भविष्य में काम्पलेक्स शुरू होने के बाद वहां गाड़ियां पार्क होंगी तब दिक्कत हो सकती है। उसको देखते हुए दावड़ा काम्पलेक्स के सामने रोटरी को छोटा करने का निर्णय लिया गया।




## खबर संक्षेप

### भाठागांव और संजय नगर में स्वच्छता जनजागरण अभियान



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भाठागांव क्षेत्र में और शहीद राजीव पांडे वार्ड के संजय नगर टिकरापारा क्षेत्र में जोन के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को रहवासियों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों ने लोगों को 4 डिब्बा सफाई प्रण्याली के बारे में अवगत कराया। 1 अप्रैल से लागू नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत 4 अलग-अलग प्रकार के कूड़ों को सुव्यवस्थित तरीके से अलग-अलग रंग के डस्टबिन में रखकर सफाई मित्रों को देने का आग्रह किया गया। नगर निगम जोन 6 के जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी के मार्गदर्शन में नंदी चौक टिकरापारा के रहवासियो को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर को साफ-सुथरा रखने और घरों व दुकानों से निकलने वाले कूड़ा को सफाई वाहन में आने वाले सफाई मित्रों को देने की अपील की गई। इस दौरान सदर बाजार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी भी उपस्थित रहे।

### श्वेता बनीं शिक्षक राष्ट्रीय महासंघ की संभाग अध्यक्ष



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मानित शिक्षकों के साथ कार्यक्रम में राज्य इकाई का भी गठन किया गया, श्वेता ठाकुर रायपुर संभाग अध्यक्ष की शपथ ग्रहण कर अपने दायित्व के लिए शपथ ली। कार्यक्रम ने महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता एस. मुल्लूर अपनी कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि स्वाति कल्पी सभापति संचार एवं संपर्क जिला पंचायत रायपुर, डॉ. लता एस. मुल्लूर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. सारिका एस. गंगा राष्ट्रीय महासचिव, कल्पना बुत रेड्डी, अनुसूया देवो पो आन्यता, सिधोन कविता, राजश्री प्रभावती, शांताबाई बिरादर अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद, डॉ. मनीष वत्स, विष्णु दत्त बघेल एवं डीएसपी रुचि वर्मा रहीं।

### सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत



**रायपुर।** मौदहापारा में सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुरक्षित भवः फाउंडेशन एवं मारुति सेल्स कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें रायपुर ट्रैफिक पुलिस का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन, कर्मचारियों एवं युवाओं को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा दुर्घटना के समय प्राथमिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार ठाकुर शामिल रहे। विशिष्ट अतिथियों में टीके भोई, डॉ. संदीप धुप्पड़ चेयरमैन, डॉ. केशवराव डायरेक्टर सुरक्षित भवः फाउंडेशन, निधि अग्रवाल डिप्टी डायरेक्टर, रमेश पटेल डायरेक्टर मारुति सेल्स एवं के. आलम ब्रांच हेड की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# रेफरल मरीज बन रहे आंबेडकर अस्पताल पर अतिरिक्त बोझ, रोजाना शिफ्ट हो रहे पचास से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के रूप में पहचाना जाने वाला आंबेडकर अस्पताल रेफरल मरीजों का अतिरिक्त बोझ वहन कर रहा है। अनुमान के मुताबिक एम्स, जिला अस्पताल समेत अन्य हेल्थ सेंटरों से रोजाना पचास से ज्यादा मरीज हायर सेंटर के नाम पर यहां भेजे जा रहे हैं। यहां बढ़ रही नियमित मरीजों की संख्या के कारण मौजूदा संसाधन कम पड़ रहे हैं, ऐसे में रेफर मरीज का अतिरिक्त बोझ व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में रायपुर जिले के शासकीय हास्पिटलों के साथ ही अन्य जिलों के हेल्थ सेंटरों से लेकर मेडिकल कालेज के मरीजों को भी रेफर को हायर सेंटर के नाम पर यहां भेजा जाता है इसमें निजी हास्पिटल भी पीछे नहीं है। इसकी वजह से अपने सालों पुराने सेटअप के साथ संचालित हो रहे आंबेडकर अस्पताल के संसाधनों और मौजूदा चिकित्सकीय स्टाफ ज्यादा दबाव झेलना पड़ता है। विभागीय व्यवस्था के तहत मामूली शारीरिक समस्या के समाधान के लिए जिला अस्पताल और निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था की गई है। इन हेल्थ सेंटरों में पर्याप्त संसाधन का अभाव है साथ ही मौजूदा स्टाफ काम से बचने के लिए मरीजों को प्राथमिक जांच के दौरान ही सीधे रेफर टू आंबेडकर अस्पताल की पर्ची थमा रहे हैं। इतना ही नहीं एम्स जैसे हायर सेंटर गंभीर स्थिति वाले मरीजों को बेड नहीं होने का हवाला देकर आगे के इलाज के लिए यहां भेज रहे हैं। इसका असर अस्पताल के नियमित उपचार व्यवस्था पर पड़ रहा है।

**केस 1**

*जिला अस्पताल में कमजोरी और फीवर की शिकायत पर पहुंचे मरीज को आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के लिए वहां केवल पैरासिटामोल का इंजेक्शन लगाया गया। संभवतः मौसमी बीमारी पर नहीं किया गया इलाज।*

**केस 2**

*शरीर का संतुलन ठीक नहीं होने के समस्या पर इलाज के लिए एम्स पहुंचे मरीज को शुरुआती इलाज की सुविधा दी गई। इसके बाद मरीज को आगे के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजा गया।*




### निजी हास्पिटल में खर्च ज्यादा इसलिए भी रेफर

आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को आयुष्मान योजना में इलाज की निशुल्क व्यवस्था है। निजी हास्पिटलों में आयुष्मान लागू होने की प्रक्रिया काफी जटिल है। इसके अलावा वहां के महंगे इलाज को वहन कर पाना हर परिवार के लिए संभव नहीं होता है। वहां खर्च ज्यादा होने के बाद आर्थिक स्थिति डगमगाने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या भी काफी अधिक है।

### ऐसे समझें आंबेडकर अस्पताल की व्यवस्था

1. वर्तमान में विभिन्न विभागों में उपलब्ध पेशेंट बेड की संख्या 1300 के करीब
2. नियमित ओपीडी में 12 से 15 सौ मरीज, आईपीडी भी 3 सौ के बराबर
3. जरूरतों की पूर्ति के लिए 7 सौ बेड का नया भवन, अभी योजना स्तर पर
4. चिकित्सक और अन्य स्टाफ भी सात सौ बेड के पुराने सेटअप में, बढ़ाने की जरूरत

## हितग्राहियों को लौटना पड़ रहा खाली हाथ

# दूसरे दिन भी बंद रहीं ई-पॉस मशीनें, बंट नहीं पाया खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना अंतर्गत राशन कार्ड धारकों की परेशानी कम नहीं हो रही है। दूसरे दिन शनिवार को भी ईपॉस मशीनें बंद रहीं, जिसके कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया। इस भीषण गर्मी में भी उचित मूल्य की दुकानों में पहुंचने के बाद हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। हरिभूमि ने कुछ दुकानों में जाकर इसकी लाइव रिपोर्टिंग भी की। इस दौरान दुकानें बंद मिलीं, वहीं दुकानों के बाहर चिलचिलाती धूप और गर्म हवा को सहन करते हुए कई हितग्राही दुकान खुलने का इंतजार करते मिले। जब दुकाने खुलीं, तो उन्हें जानकारी मिली कि मशीन आज भी काम नहीं कर रही है, इसलिए खाद्यान्न वितरित नहीं हो पाएगा। यह सुनने के बाद हितग्राहियों को निराश होकर बैरंग लौटना पड़ा।

**केस:1**

अमलीडीह पानी टंकी के पास आईडी 441001282 राशन दुकान बंद रही। इस दुकान के शटर पर चावल का स्टॉक नहीं होने से वितरण बंद की सूचना चस्पाई गई है। इस दुकान में कई हितग्राही सुबह 10 बजे से खाद्यान्न लेने के लिए पहुंचते रहे। सूचना पढ़कर सभी वापस लौट गए।

**केस:2**

अमलीडीह शासकीय स्कूल के सामने गली में संचालित दुकान सुबह 11 बजे बंद मिली। इस दुकान के बाहर कुछ हितग्राही दुकान खुलने का इंतजार कर रहे थे। इनमें एक बीपीएल कार्ड हितग्राही नन्हे सिंह निवासी फुंडहर किराए के ईरिक्शा में तीन माह का चावल लेने पहुंचा था। उसने बताया कि वह सुबह 10 बंद से आया है, और दुकान खुलने का इंतजार कर रहा है। उसने बताया कि वह अपने गांव चला गया था, जिसके कारण चावल उठा नहीं पाया। अब वापस लौटा है, तो दुकान बंद है।



**निर्धारित समय पर खोलना और बंद करना है**

खाद्यान्न का स्टॉक रहे या नहीं, दुकानदारों को निर्धारित समय पर दुकान खोलना और बंद करना है। इसका पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। सुबह के समय मशीन चालू नहीं होने के कारण कई दुकानों में खाद्यान्न नहीं बांटने की जानकारी मिली है, लेकिन दोपहर बाद कई दुकानों में बांटा भी गया है।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

**केस:3**

अमलीडीह निवासी लीला यादव भी किराए के ई-रिक्शा में चावल लेने यहां पहुंची थी और दुकान के खुलने का इंतजार कर रही है। उसने बताया कि अमलीडीह क्षेत्र में सभी राशन दुकाने 11 बजे से 1.30 बजे के बीच खुलती हैं। दुकान विलंब से खुलने के कारण हितग्राहियों को चिलचिलाती धूप में खाद्यान्न लेने आना पड़ता है।

**केस:4**

छत्तीसगढ़ नगर में संचालित उचित मूल्य की दुकान में भी कई हितग्राही सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक खाद्यान्न लेने पहुंचते रहे, लेकिन ई-पॉस मशीन काम नहीं करने के कारण हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। यहां के एक दुकानदार ने बताया कि हर महीने के शुरूआती 2 से 3 दिन तक यही स्थिति रहती है। ईपॉस मशीन ही काम नहीं करती है, जिसके कारण वे खाद्यान्न वितरण नहीं कर पाते हैं।



### विपरीत असर डालने वाली दवाओं का हेल्थ सेंटरों में लेखा-जोखा नहीं, रजिस्टर मेंटेनेंस की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाली दवाओं का रिकार्ड रखने में सरकारी अस्पताल गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जांच के लिए पहुंची औषधि निरीक्षकों की टीम ने दस हेल्थ सेंटरों को रजिस्टर मेंटेनेंस की सख्त हिदायत दी है। इसके अलावा मौजूदा वैक्सीन के रखरखाव के साथ दवाओं के स्टॉक को भी सटीक रखने कहा गया है। निजी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सरकारी अस्पतालों को जांच दायरे में लाया है। टीम जांच के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना, चंगोराभाठा, भाठागांव, खोखो पारा, शुक्रवारी बाजार, रामनगर, हमर अस्पताल गुढ़ियारी के साथ जिला अस्पताल पंडरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राखी, मंदिर हसौद के साथ हेल्थ मार्ट टेमरी (माना) में जाकर जांच की। नियमों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मेकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के तहत विपरीत असर डालने वाली दवाओं का रिकार्ड रखना जरूरी होता है मगर किसी हेल्थ सेंटरों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। स्टाफ को सख्त हिदायत दी गई है कि इस काम को अनिवार्य रूप से करें। इसके अलावा वहां वैक्सीन के रख-रखाव से संबंधित रेफ्रिजरेटर के कैलिब्रेशन रिकॉर्ड, वैक्सीन भंडारण हेतु मानक संचालन प्रक्रिया, बैच स्टॉक रजिस्टर, तापमान निगरानी रजिस्टर की जांच की। जांच टीम में औषधि निरीक्षक ईश्वरी नारायण सिंह, डॉ. टेकचंद धीरहे, डॉ. सुरेश कुमार साहू, हंसा साहू, प्रीति उपाध्याय एवं ओम प्रकाश यादव शामिल थे।

- वैक्सीन और दवाओं का स्टॉक रखने निर्देश, दस अस्पतालों में पहुंची टीम

### नियमितीकरण सहित 5 सूत्रीय मांग, मुख्यमंत्री साय को ज्ञापन सौंपेंगे अनियमित कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियमितीकरण सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से मिलने समय मांगा है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि नियमितीकरण के लिए एक हस्ताक्षर मुख्यमंत्री के नाम अभियान चलाया गया है। यह अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया गया जिसमें प्रदेश भर के 12,500 अनियमित कर्मचारी शामिल रहे।

प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारी अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक आंदोलन करेंगे। इसके लिए सुशासन तिहार में अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। अनियमित कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की इस सिलसिले में जल्द बैठक आयोजित होगी, इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर निर्णय लिया जाएगा।

फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश गजेंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2सालों में अनियमित कर्मचारियों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों आउटसोर्सिंग, सेवा प्रदाता, ठेका समूह, जाब दर, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारियों के हित में किसी भी प्रकार की घोषणा नहीं होने कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

- अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया एक हस्ताक्षर मुख्यमंत्री के नाम अभियान
- प्रदेशभर के 12,500 अनियमित कर्मचारियों ने लिया हिस्सा



# कचना की जीएडी कालोनी में बोर सूखे, पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कचना की जीएडी कालोनी में बोरवेल का जलस्तर नीचे जाने से वहां पानी की किल्लत हो रही है। कालोनी के जी ब्लाक में 60 और एच ब्लाक में 100 मकान स्थित है। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने लोक निर्माण विभाग को इससे अवगत कराया। इसके बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है। भुक्तभोगियों का ये भी कहना है कि पिछले दस दिनों से उनके कालोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। मोतीलाल नेहरू वार्ड के जीएडी 209 आवासीय कालोनी में लोक निर्माण विभाग के संपवेल से पानी की आपूर्ति होती है। बोरवेल का जल स्तर गहराने से यहां रहने वाले कालोनी वासियों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। लोक निर्माण संभाग क्रमांक 3 के कार्यपालन अभियंता ने नगर निगम के जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर जीएडी कालोनी की पानी समस्या दूर करने पानी की पाइप लाइन कनेक्शन दिए जाने आग्रह किया है। जोन कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा गया है कि चूंकि कालोनी में स्थित संपवेल के पास से नगर निगम का जल सप्लाई पाइप लाइन गया हुआ है इसलिए पानी आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिया जाए, ताकि आवासीय कालोनी में पानी की किल्लत दूर हो सके।

- लोक निर्माण विभाग ने पाइप लाइन कनेक्शन मांगा

# ऑनलाइन सट्टा के बाबू का फुफेरा भाई और एक अन्य मददगार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा थ्री स्टंप्स के संचालक बाबू खेमानी के फुफेरा भाई तथा एक अन्य को पुलिस ने महासमुंद से गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों को पुलिस ने बाबू के सट्टे की रकम ठिकाने लगाने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थ्री स्टंप्स सट्टा का संचालन करने के आरोप में पुलिस ने अब तक 29 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बाबू खेमानी के भाई संदीप इसरानी उर्फ गोलू तथा मनसून रजा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बाबू खेमानी के सट्टा एप का प्रमोशन भी करते थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक खेमानी भाइयों के सट्टे की रकम को संदीप अपने कारोबार में इस्तेमाल कर रहा था। इसके अलावा संदीप तथा मनसून के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कॉल सेंटर में किए जाने की पुलिस को जानकारी मिली है।

- दोनों आरोपियों को पुलिस ने महासमुंद से किया गिरफ्तार
- बाबू खेमानी का भाई सट्टा की रकम ट्रांसफर करने ग्रामीणों के अकाउंट का इस्तेमाल करता था




**झांसा देकर ग्रामीणों के अकाउंट से रकम ट्रांसफर**

पुलिस को इस बात की भी जानकारी मिली है कि बाबू का फुफेरा भाई तथा उसका साथी कमीशन के लालच में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर उनका अकाउंट खुलवाया था। उन अकाउंट में दोनों सट्टे की रकम का लेन-देन करते थे। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि संदीप तथा उसके साथी ने कितने ग्रामीणों के नाम से म्यूल अकाउंट खुलवाया था।

### ऐसे कर रहे थे सट्टे की रकम का ट्रांसफर

थ्री स्टंप्स सट्टा एप का संचालन करते समय उपयोग करने वाले कॉल सेंटर के मोबाइल नंबरों एवं बैंक अकाउंट का विश्लेषण करने पुलिस को सट्टे की रकम के इनके बीच कैसे ट्रांसफर किया जाता था, इसकी जानकारी मिली। इनके द्वारा क्रिकेट सट्टा से प्राप्त रकम का उपयोग करने संदीप इसरानी, मनसून रजा के माध्यम से उनके बैंक खातो में ट्रांसफर कर बाबू वापस अपने बैंक खाते में प्राप्त करता था। इसके एवज में बाबू उर्फ गुलशन खेमानी दोनों को कमीशन मिलता था।

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने एंड टू एंड कार्रवाई में आरोपियों को दिल्ली से किया गिरफ्तार

# इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े नाईजीरियन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने ड्रग तस्करों के खिलाफ एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े एक नाईजीरियन तथा एक दिल्ली के ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ड्रग बिक्री की रकम पौने दस लाख रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने एक माह पूर्व कुरियर के माध्यम से बीपी मशीन में ड्रग मंगाने की पड़ताल के दौरान इन दोनों ड्रग तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार नाईजीरियन वर्ष 2024-25 में वीजा उल्लंघन के आरोप में जेल जा चुका है।

पुलिस ने ड्रग तस्करी करने के आरोप में नाईजीरिया, मारोको निवासी तोचकू अफामे उर्फ प्रिंस चार्ल्स तथा दिल्ली निवासी सन्नी शर्मा को गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम स्मृति राजनाला, डीसीपी सेंट्रल उमेश गुप्ता के अनुसार गिरफ्तार तस्कर छत्तीसगढ़ के साथ देश के अलग-अलग राज्यों में अपने पैडलरों के माध्यम से ड्रग तस्करी करते थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने आठ मोबाइल जिसमें पांच आईफोन तथा तीन चेकबुक जब्त किए हैं।

**छह महीने में दो करोड़ की ड्रग तस्करी**

आरोपियों के बैंक अकाउंट की जांच करने पर पुलिस ने पाया कि आरोपियों ने छह महीने के अंदर दो करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग तस्करी कर खपाया है। ड्रग तस्करी का संचालन डार्क वेब के माध्यम से नाईजीरिया से संचालित किया जा रहा था। ड्रग रैकेट का संचालन नाईजीरिया में बैठे चीची नामक ड्रग तस्कर तोचकू के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में कर रहा था। पुलिस को ड्रग नेटवर्क चेन में कई और नाईजीरियन के साथ देश के अलग-अलग राज्यों के ड्रग तस्करों के जुड़े होने की जानकारी मिली है।



**ढाई करोड़ रुपए का सूखा नशा जब्त**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने अब तक एनडीपीएस की कार्रवाई करते हुए तीन दर्जन प्रकरण में 93 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो करोड़ 48 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थ में तीन क्विंटल गांजा के साथ 30 लाख रुपए से ज्यादा का कैश शामिल है।

**पैसा ट्रांसफर करने पर मिलता था कमीशन**

ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सन्नी नाईजीरिया के ड्रग तस्करों को अकाउंट उपलब्ध कराता था। ड्रग बिक्री की रकम सन्नी अपने तथा म्यूल अकाउंट में मंगवाता था। इसके बाद सन्नी उक्त रकम नाईजीरिया के ड्रग तस्कर चीची के अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करता था। इसके एवज में सन्नी को ड्रग तस्कर मोटी रकम कमीशन देते थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 3 मई 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 रोड सेफ्टी का मैसेज देने राइडर्स...

## लाइव इवेंट

## इनक्रेडिबल इंडिया की थीम पर थिरके विद्यार्थी गीताक्षरा साहू बनीं 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'



**रायपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट नया रायपुर द्वारा आयोजित पांचवा वार्षिकोत्सव शनिवार को महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा संचालित इस संस्थान के समारोह की इस वर्ष की थीम "इनक्रेडिबल इंडिया" रही, जिसके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन और छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात कुमार मिश्रा रहे। दीप प्रज्ज्वलन और राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ समारोह का गरिमामय आगाज हुआ। संस्थान के प्राचार्य विवेक आचार्य ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि आईआईएचएम न केवल छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बना रहा है, बल्कि उन्हें वैश्विक आतिथ्य उद्योग की चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है।

### स्टूडेंट्स को मिले सम्मान और पुरस्कार

समारोह के दौरान शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष का प्रतिष्ठित "स्टूडेंट ऑफ द ईयर" पुरस्कार गीताक्षरा साहू को प्रदान किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्रों को पर्यटन क्षेत्र में नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। शास्त्रीय नृत्य, कथक और दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्यों ने भारतीय परंपरा की गहराई को मंच पर उतारा। लोकसंस्कृति के तहत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की प्रस्तुति ने क्षेत्रीय माटी की महक बिखेरी। फ्यूजन 'फेस्टिवल्स ऑफ इंडियन डांस' थीम के तहत देश के विभिन्न कोनों की नृत्य शैलियों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## सिटी इवेंट

## संसाधनों की कमी नहीं रोकेगी पढ़ाई, युवाओं ने 280 स्कूली बच्चों को कराई छात्रवृत्ति परीक्षा की निशुल्क तैयारी



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से 'डू कर्मा वेलफेयर फाउंडेशन' ने सराहनीय पहल की है। संस्था द्वारा राजधानी रायपुर के 20 सरकारी स्कूलों के 280 से अधिक (कक्षा 8वीं के) छात्रों को 'राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए निशुल्क मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बता दें कि इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन शनिवार 2 मई को किया गया। यह विशेष पहल उन छात्रों के लिए की गई है, जो मेधावी तो हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। एनएमएमएस छात्रवृत्ति उनके लिए न केवल आर्थिक सहयोग का एक मजबूत माध्यम है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा भी प्रदान करती है।

### इंजीनियर, डॉक्टर और यूपीएससी अभ्यर्थियों ने पढ़ाया

इस नेक कार्यक्रम में 100 से अधिक युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों ने स्वेच्छा से जुड़कर अपना समय दिया। इनमें इंजीनियर, शिक्षक, डॉक्टर, व्यवसायी और यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी शामिल हैं। इन वॉलंटियर्स ने बच्चों को रीजनिंग, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों की गहराई से तैयारी कराई। यह पूरी मुहिम शत-प्रतिशत निशुल्क संचालित की गई। छात्रों की पुख्ता तैयारी के लिए जनवरी से अप्रैल तक नियमित अध्ययन सत्र, अभ्यास कक्षाएं और मॉक टेस्ट आयोजित किए गए। इसके जरिए बच्चों को परीक्षा के पैटर्न और सवालों के प्रकार से परिचित कराया गया।



### सरकारी स्कूलों में संचालित किया

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से रायपुर के गुढ़ियारी, मोवा, कटोरा तालाब और भाटागांव जैसे क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में संचालित किया गया। संस्था के संस्थापक शुभम चौधरी ने कहा, सही मार्गदर्शन मिलने पर हर बच्चा आगे बढ़ सकता है। हमारा बस यही प्रयास है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों की कमी के कारण न रुके। कार्यक्रम समन्वयक आकांक्षा ने बताया, बच्चों में सीखने की ललक बहुत ज्यादा है। नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से उनके आत्मविश्वास में जो वृद्धि हुई है, वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

● मदर्स डे को लेकर सजा शहर का गिफ्ट बाजार, बच्चे खरीद रहे पर्सनलाइज्ड उपहार

# मदर्स डे पर सजा पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स का बाजार, स्पेशल फील कराने मैचिंग ड्रेस का क्रेज, सासू मां और दादी-नानी के लिए भी स्पेशल कार्ड

रिश्तों की खूबसूरती में गिफ्ट चार चांद लगा देते हैं। कई रिश्ते ऐसे होते हैं, जिसमें गिफ्ट शब्दों से ज्यादा भावना व्यक्त कर जाते हैं। मां-बच्चे का रिश्ता भी कुछ ऐसा ही है। 'मदर्स डे' पर बच्चे भी मम्मी को गिफ्ट देकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर पाते हैं। 10 मई को मदर्स डे को लेकर मम्मी को सबसे खास गिफ्ट देने के लिए इस बार मार्केट में स्पेशल गिफ्ट्स की खूबसूरत रेंज आ गई है। इसमें महंगे पर्सनलाइज्ड गिफ्ट तक शामिल है।

**रायपुर।** मार्केट में इस बार सासू मां, दादी मां, नानी मां, चाची आदि के लिए भी गिफ्ट्स और स्पेशल कार्ड्स हैं। पहले सिर्फ मदर को देने के लिए ही ग्रीटिंग कार्ड्स थे, पर अब स्पेशल कार्ड्स भी आए हुए है। ये कार्ड्स हिंदी और इंग्लिश दोनों ही भाषा के कोटेशन्स वाले हैं। बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बुके, कार्टून कैरेक्टर के शेप्स वाले कार्ड्स भी मार्केट में उपलब्ध हैं।













### पर्सनलाइज्ड गिफ्ट की डिमांड

मम्मी के लिए सबसे स्पेशल गिफ्ट देने की ख्वाहिश लिए बच्चे इस बार पर्सनलाइज्ड गिफ्ट लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सिविल लाइन स्थित निजी दुकान संचालक प्रवीण जैन ने बताया कि पर्सनलाइज्ड गिफ्ट में मोबाइल कवर, आईपेड कवर, ग्रीटिंग्स, कैलेंडर, कोलाज, स्टोन व घड़ियों को लेना ज्याद पसंद कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा डिमांड मोबाइल व आईपेड कवर की है। इसकी वजह इन प्रोडक्ट्स की उपयोगिता है। कोलाज को लेकर भी खासा दिलचस्पी है। इन लाइटवेट कोलाज के लेमिनेटेड होने के कारण इसके रखरखाव में ज्यादा ध्यान नहीं देना पड़ता और इसे किसी भी रूम के अनुरूप मनचाहे साइज में बनवाया जा सकता है।

### मदर्स-डे पर एक जैसी ड्रेस

फैशन डिजाइनर मनीषा अग्रवाल ने बताया कि बीते कुछ सालों से मां और बच्चे का एक जैसा ड्रेस चलन में है। इसमें मां अपना और अपने बच्चों के लिए एक ही फैब्रिक और डिजाइन में ड्रेस तैयार कराती है। मदर्स-डे के लिए माहभर पहले से ऑर्डर लिया गया है। लोग अपनी मनपसंद डिजाइन के साथ कपड़ा तैयार कराने पहुंच रहे। इसमें साड़ी, लॉन ड्रेस की डिमांड सबसे अधिक है।




### मम्मी के लिए बच्चों की पसंद के गिफ्ट

इस बार कुछ खास तरह के ग्रीटिंग्स मार्केट में हैं। चार फोल्ड वाले पोस्टर ग्रीटिंग्स अपने साइज व कंसेप्ट के कारण, बुके के शेप के ग्रीटिंग अपनी स्टाइल के कारण पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा मम्मी के लिए सिपर, डिफरेंट लुक वाले कॉफी मग व हैंड बैग भी बच्चे ले रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक अंकित बडदिया ने बताया कि मदर्स डे पर फोटो के साथ मैसेज वाले फ्रेम खरीद रहे हैं। इसके अलावा कैरी क्रिएचर, पीलो, फोटो फ्रेम, पर्स भी शामिल हैं।




## तपती गर्मी में सुकून की फुहार...

रायपुर। शहर में पड़ रही चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच पानी की ये ठंडी बौछारें ही इन दिनों सबसे बड़ा सुकून दे रही हैं। तपते मौसम में शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए पानी के साथ मौज-मस्ती गर्मी से राहत दे रही। यह फुहार न सिर्फ तन की तपन बुझा रही है, बल्कि चेहरे पर भी ताजगी भरी मुस्कान ला रही है।



## नन्हे मास्टर्स ने चली शह-मात की चाल नेशनल टिकट के लिए 66 के बीच भिड़ंत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में गुरुवार दो दिवसीय 'छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर अंडर-7 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप' का शानदार आगाज हुआ। राजधानी के बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम स्थित प्रदेश शतरंज संघ के कार्यालय में नन्हे खिलाड़ियों ने शह और मात के इस खेल में अपना बेहतरीन प्रदर्शन शुरू कर दिया है। चैंपियनशिप का औपचारिक शुभारंभ प्रदेश शतरंज संघ के सहसचिव आनंद अवधिया, कार्यकारिणी सदस्य दीपांकर सेन गुप्ता, इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन और फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा की उपस्थिति में शतरंज की चाल चलकर किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में कुल 66 नन्हे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें ओपन वर्ग में 47 और बालिका (गर्ल्स) वर्ग में 19 प्रतिभागी शामिल हैं। यह पूरी स्पर्धा कुल 6 चक्र में खेली जाएगी। इस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चयनित होने वाले 2 बालक और 2 बालिकाएं आगामी 'राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप' में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।





### ओपन वर्ग में कड़ी टक्कर

ओपन वर्ग के मुकाबलों में अयांश फुल्लर, मेधांश सोरी, सनय लोधी, स्वास्तिक शर्मा और प्रज्ज्वल पाण्डेय 3 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, एसीएम वेद अर्का रंगानंधा और रहमी जेरेमियाह 2.5 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर चल रहे हैं। बालिका वर्ग में श्रीनिका रेड्डी गोलुगुरी, सिद्धिरेडी किआरा और प्रिशा सैनी ने अपने मुकाबले जीतकर 3 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया हुआ है। जबकि अनिष्का अग्रवाल, अनन्या वैष्णव, श्रेष्ठा भारद्वाज, गार्गी कर्मा, अनायशा प्रसाद और ईरा अरनी रंगानंधा ने 2-2 अंक हासिल किए हैं। इस पूरी स्पर्धा को निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन मुख्य निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ उप-मुख्य निर्णायक के रूप में फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा तथा सहायक आर्बिटर के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर चंदन विश्वकर्मा व अक्षत महोबिया अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

10वीं-12वीं पासआउट स्टूडेंट्स को शिक्षाविदों व कॅरियर काउंसलर्स की सलाह

# लक्ष्य को हासिल करने स्टूडेंट्स भटकाव से बचें, दबाव में नहीं, रुचि के विषय और कॅरियर का करें चुनाव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हाईस्कूल व हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा क्लीयर कर चुके विद्यार्थियों के सामने स्ट्रीम सब्जेक्ट सलेक्शन और मनचाहे इंस्टीट्यूट में प्रवेश की चुनौती है। ऐसे में 10वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स 11वीं कक्षा के लिए स्ट्रीम सब्जेक्ट को चुनने शिक्षाविदों से सलाह ले रहे हैं, जबकि 12वीं पासआउट स्टूडेंट्स करियर काउंसलर्स से बेहतर इंस्टीट्यूट्स व जॉब फील्ड के बारे में मार्गदर्शन ले रहे हैं, ताकि आगे वे बिना किसी भटकाव के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा पासआउट स्टूडेंट्स के लिए यह समय कॅरियर के लिहाज से टर्निंग प्वाइंट होता है। एक सही चुनाव और प्रयास उनके सपने को एक नया आयाम देगा तो वहीं एक गलत चुनाव भटकाव देगा। शहर के कुशालपुर गवर्नमेंट हाईस्कूल के लेक्चरर शिव साहू का कहना है कि स्कूल से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी मार्गदर्शन लेने आते हैं तो उन्हें उनकी पढ़ाई के प्रति लगन, विषयों को समझने की बौद्धिक क्षमता, उनके सपने और पारिवारिक स्थिति-परिस्थितियों का आकलन करते हुए उन्हें 11वीं कक्षा में विषय चयन का सलाह देते हैं, क्योंकि स्कूल में बच्चों की कक्षा में गतिविधियों को बेहद बारीकी से शिक्षक समीक्षा किए रहते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को विषय व करियर चयन को लेकर मार्गदर्शित करना बेहद सरल हो जाता है। ऐसे विद्यार्थी, जो सभी विषयों को कक्षा में समझाने पर बेहद कम समय में समझ जाते थे, ऐसे विद्यार्थियों को पहले सलाह देते हैं कि वे मैथ्स, विज्ञान संकाय का चयन करें। वहीं एवरेज पढ़ाई वाले विद्यार्थियों को आट्र्स संकाय का चयन करने की सलाह देते हैं, ताकि वे अपने लक्ष्य की ओर बिना किसी भटकाव के पहुंच सकें।

### 12वीं के बाद स्टूडेंट्स के लिए ढेरों कॅरियर विकल्प



आज के समय में स्टूडेंट्स के लिए ढेरों कॅरियर विकल्प हैं, जिससे स्टूडेंट्स अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं। यह कहना है शहर के दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान का। उनका कहना है कि 10वीं की परीक्षा के बाद आईटीआई, डिप्लोमा, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग और वोकेशनल कोर्सेज जैसे स्किल-आधारित कॅरियर चुनकर भविष्य संवार सकते हैं। वहीं 12वीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और आट्र्स के लिए ये परीक्षाएं मेरिट-आधारित प्रवेश सुनिश्चित करती हैं। वहीं कंपीटिटिव एग्जाम से सीधे सरकारी जॉब का सपना साकार कर सकते हैं।

### विषय में रुचि और करियर को ध्यान में रखकर चुनें सब्जेक्ट

शहर के जाने-माने कॅरियर काउंसलर व शिक्षाविद वर्षा वरवंडकर का कहना है कि 10वीं पास स्टूडेंट्स अपने रुचि और क्षमता को पहचानें। सबसे पहले ये देखें कि उनको किन विषयों को पढ़ने में मजा आता है और उसकी बौद्धिक क्षमता कितनी है। करियर लक्ष्य निर्धारित करें और सोचें कि आप भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, इंजीनियर, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट या सिविल सर्वेंट, तो उसी के अनुसार विषय का चयन करना उचित होगा। तीनों स्ट्रीम्स को पहले समझें, तार्किक, समस्या-समाधान और प्रयोगों में रुचि रखते हैं तो साइंस संकाय चुने। अगर संख्याओं, व्यापार और वित्त में रुचि रखते हैं तो कॉमर्स सही होगा। वहीं रचनात्मक, इतिहास, मनोविज्ञान या समाजशास्त्र, कानून, पत्रकारिता, सिविल सेवा में रुचि है तो आट्र्स संकाय बेस्ट रहेगा। दबाव से बचें, केवल इसलिए साइंस न लें, क्योंकि आपके फैमिली चाहती है। हर स्ट्रीम में विकास के बेहतर अवसर हैं। सिर्फ 10वीं के अंकों के आधार पर स्ट्रीम न चुनें।

## सिटी लाइव

# संस्कार सीख रहे बच्चों ने स्वयं बनाकर बांटी भेल



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल प्रांगण में आध्यात्मिक समिति बाल संस्कार शिविर का संचालन कर रही है। यहां बच्चों को मनोरंजक के साथ स्वादिष्ट व्यंजन भी रहे। पहले दिन की तुलना में शनिवार को बच्चों की संख्या में उत्साहजनक बढ़ोतरी हुई। अब सोमवार से गुरुवार तक यही बाल संस्कार शिविर ऑनलाइन मोड पर चलेगा। शनिवार सुबह संध्या खंगन, मंजूषा वैशंपायन ने बच्चों के साथ मंत्रोच्चार किया। इसके बाद सभी ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। आस्था काले और वर्षा चोपकर ने योग के आसन के रूप में उन्हें अनुलोम- विलोम और प्राणायाम करवाते हुए इसका महत्व भी समझाया। वार्मअप के बाद बच्चों ने बिना थके रस्सी कूद, एनिमल वॉक, मंकी वॉक, डक वॉक, भालू वॉक करवाया और जोश से भरे बच्चों ने कूद-कूदकर योग को किया।

### स्वाद के लिए घर से जरूरी सामान लेकर पहुंचे

आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था ने बताया कि ब्रेन एक्टिविटी और माइंड गेम रचना ठेंगड़ी, सुमिता रायजादा और सोनाली कुलकर्णी ने कराया। इसमें क्रॉस वर्ड से लेकर कलर पहचानने से जुड़े मजेदार गेम को भी शामिल किए गए। शिविर में सबसे दिलचस्प सेगमेंट्स फायरलैस कुकिंग का रहा। इसमें सभी बच्चों ने अपने घरों में विभिन्न सामग्री लेकर पहुंचे और अपनी प्रशिक्षिका अक्षता पंडित के साथ मिलकर स्वादिष्ट भेल बनाई, जिसे सभी में आपस में मिल-बांटकर खाया। खास बात यह है कि भेल बनाने की प्रक्रिया बच्चों ने सीखकर स्वयं प्याज, टमाटर, धनिया पत्ती काटकर मुरमुरे में मिलाए। इस बीच सुप्रिया शेष द्वारा सभी बच्चों को मैंगो जूस दिया गया।

# अकाल पुरख की फौज ने किया सेलिब्रेशन



रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अकाल पुरख की फौज द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय कोर कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति में एक भव्य समारोह होटल सेलिब्रेशन में किया गया। इसमें प्रदेशभर से सिख समाज के सभी सामाजिक, धार्मिक एवं राजनितिक विभूतियों ने व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित होकर एकजुटता के साथ संस्था को पूर्ण रूप से एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया। अकाल पुरख की फौज का 500 से ज्यादा सदस्यों के साथ प्रदेश के 16 जिलों में विस्तार किया गया है। इस अवसर पर सिख समाज के बलदेव सिंह भाटिया, गुरमुख सिंह होरा, जगजीत सिंह खनूजा, प्रीतपाल सिंह होरा, परविंदर सिंह भाटिया, कुलदीप सिंह जुनेजा, जीएस भामरा, गुरप्रीत सिंह भामरा, अमरजीत सिंह दुआ, राजेंद्र सिंह चावला प्रमुख रूप से शामिल हुए। इनके बीच संस्था को लेकर गंभीर संवाद हुए।

## इवेंट लाइव

# 350 कॉन्ट्रैक्ट श्रमिकों को गमछा भेंट कर किया सम्मान

रायपुर। विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर पीपी यार्ड में 'साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस' की ओर से मजदूरों सम्मान का आयोजन किया गया। इस मौके पर 350 कॉन्ट्रैक्ट लेबर वर्कर्स को गमछा वितरित कर उनके कठिन परिश्रम को सराहा गया। कार्यक्रम में बिलासपुर जोन के प्रिंसिपल मटेरियल मैनेजर अरविंद कुमार मेश्राम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके हाथों से ही श्रमिकों को गमछा वितरित किया गया। अपने संबोधन में श्री मेश्राम ने मजदूर कांग्रेस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संगठन हमेशा कर्मचारियों की समस्याओं को समझता है और उनके हित में निरंतर कार्य करता है। यह सम्मान समारोह इसी दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम है। इस अवसर पर मजदूर कांग्रेस के पीपी यार्ड इंचार्ज डी. विजय कुमार ने श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले इन कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के कल्याण के लिए मजदूर कांग्रेस हमेशा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के जनरल सेक्रेटरी पीतांबर लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए उनका विशेष आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में एएमएम देवांगन, पीपी यार्ड के जनरल इंचार्ज चंद्राकर, अनुराग शुक्ला, न्यूट्रल इंचार्ज बेहरा, भक्ताजी, जय चंद्र, माईटी, डिविजनल को-ऑर्डिनेटर बीडी प्रसाद, ब्रांच सेक्रेटरी हेमंत कुमार, शेषु बाबू और डिप्टी डीसी भीमराव वदलकर विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही सोनटेक्के, विनोद मंडल, रॉबर्ट जोसेफ, राकेश कुमार, बलवंत शर्मा, लक्ष्मी साहू, चंद्रशेखर देशमुख और वेंकट सहित मजदूर कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

● राजधानी के इन्फिनिटी राइडर क्लब से जुड़े युवा अलग-अलग राज्यों की संस्कृति जानने आज से करेंगे सफर

# रोड सेफ्टी का मैसेज देने राइडर्स इंटरनेशनल बार्डर पार करके नेपाल और लद्दाख में भी करेंगे राइडिंग

''रोड सेफ्टी का मैसेज लोगों तक पहुंचाने के साथ ही दूसरे राज्यों और शहरों की संस्कृति को जानने के लिए युवा राइडर्स ने एक बार फिर इंटरनेशनल बार्डर पार करने का मन बनाया है। इस थीम बेस्ड राइडिंग के लिए नेपाल और लद्दाख भी मई महीने में निकलने की तैयारी में हैं। बढ़ते सड़क हादसों से बचाव के सभी सामान वे साथ लेकर निकलेंगे। साथ ही जहां-जहां रूकेंगे वहां लोगों को अवेयर करने का दायित्व भी निभाने वाले हैं। इन्फिनिटी राइडर क्लब से जुड़े तीन राइडर्स नेपाल तो आठ युवाओं का ग्रुप लद्दाख जाने की तैयारी में हैं।''





### इससे पहले तीन इंटरनेशनल सीमा को किया पार

राइडिंग से जुड़े युवाओं ने बताया कि राइडर क्लब ने उत्तर-पूर्व भारत को मोटरसाइकिल यात्रा की है। क्लब के 8 राइडर्स ने 10 राज्य, 3 अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं भूटान, बांग्लादेश और चाइना को कवर करते हुए 14 दिन में अपनी यात्रा को पूरा किया था। अपने पूरे ट्रिप में टीम मेंबर्स ने सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया। साथ ही सेफ्टी के पूरे मेजरमेंट का खुद भी ध्यान रखा। इन्फिनिटी राइडर्स हर बार एक मिशन के साथ ही राइड करते हैं। इससे पहले भी भारत के अलग-अलग इलाकों की यात्रा कर चुके हैं। नॉर्थ ईस्ट ट्रिप पर राइडर्स ने कुल 5100 किलोमीटर का सफर 14 दिनों में पूरा किया, जो रोमांच से भरा था। इसके बाद अब रविवार यानी 3 मई को नेपाल के लिए रवाना होंगे।



रायपुर। बेखौफ और सुरक्षित राइडिंग करने वाले युवाओं ने इस बार नेपाल तक राइडिंग का मन बनाया है। इस संदर्भ में वेदांत अग्रवाल और अल्तयश ने बताया कि नेपाल तक राइडिंग के लिए तीन राइडर्स ने तैयारी की है। रविवार से सफर शुरू करेंगे और 12 दिनों के इस राइडिंग के बीच पहले दिन 800 किलोमीटर यात्रा की जाएगी। इसके बाद से प्रतिदिन 250- 300 किलोमीटर ही बाइक राइडिंग करेंगे।इस बीच सुरक्षित राइडिंग के लिए जरूरी सामान के साथ ही ट्रैफिक रूल्स का पालन करते हुए चलेंगे और लोगों को इसके लिए प्रेरित करते हुए आगे बढ़ेंगे। जिस जगह भी रूकेंगे वहां लोगों को रोड सेफ्टी के प्रति अवेयर करेंगे। इस राइडिंग का उद्देश्य शौक पूरा करने के साथ यात्रा में लोगों को इंगेज करना है। इसलिए क्लब की टीम द्वारा राइडिंग को थीम बेस्ड किया जाता है, ताकि कुछ बेहतर कर सकें।





### बार्डर पार करने देते हैं शुल्क, रखते हैं आईडी

उन्होंने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों की सीमा पार करने में कोई दिक्कत नहीं आती है, लेकिन इस दौरान भी सभी राइडर्स अपने साथ आधारकार्ड, पेन कार्ड, गाड़ी के इश्योरेंस और लाइसेंस सहित सभी जरूरी दस्तावेज रखते हैं, क्योंकि आईडी के बिना राइडिंग करना भी गलत है। यह सभी जरूरी कागज हमें इंटरनेशनल सीमा पार करते समय बार्डर पर दिखाने होते हैं। नेपाल के लिए हमें 12 दिनों का पास लेने के लिए प्रति राइडर्स को शुल्क देना होता है। राइडर्स ने बताया कि 3 से नेपाल और 25 से लद्दाख के लिए दो ग्रुप से जुड़े 11 राइडर्स निकलेंगे।

# जीवन में तीन आदत डालें, रोज शारीरिक व्यायाम करें स्वास्थ्यप्रद आहार और पर्याप्त नींद लेने से होंगे निरोगी

रायपुर। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक व्यायाम, स्वास्थ्यप्रद भोजन और पर्याप्त नींद लेने जैसी तीन आदत डाल, जीवन में निरोगी होंगे । हमारा अच्छा स्वास्थ्य पचास प्रतिशत व्यायाम पर, पच्चीस प्रतिशत भोजन पर और शेष पच्चीस प्रतिशत नींद पर निर्भर करता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में सुधार करने की जरूरत है। योग करने, मनपसंद संगीत सुनने, खेलने और व्यायाम से हमारे अंदर एण्डार्फिन नामक हार्मोन पैदा होता है जो हमें खुशी देता हैं। यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में जाने-माने नैचुरोपैथ डॉ. विवेक भारती ने कहीं। बच्चों को स्वस्थ और निरोगी जीवन जीने का तरीका भी बताया।

### स्वस्थ रहने के लिए इन पांच बातों का रखें ध्यान

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्यप्रद आहार में पचास प्रतिशत हिस्सा हरी सब्जियों का हो, पच्चीस प्रतिशत प्रोटीन और पच्चीस प्रतिशत अनाज को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पांच बातों का ध्यान रखें। पहला दिन में दो बार ही पका हुआ भोजन करें। दूसरी बात दिन में कम से कम ढाई लीटर पानी पीएं। तीसरी बात रोज व्यायाम करें। चौथी बात पाचन तंत्र को आराम देना। इसके लिए सप्ताह में एक दिन उपवास जरूर करें। पांचवी और प्रमुख बात प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन करें। खुद के लिए अगर रोज 30 से 40 मिनट देंगे तो निरोगी रहेंगे।



### राजयोग से मिलेगी खुशी, बढ़ेगा आत्मविश्वास

राजयोग से मिलेगी शांति और खुशी, आत्मविश्वास के साथ एकाग्रता से भी मिलेगी आंतरिक मजबूती

इससे पहले के सत्र में ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन से जीवन में शांति, खुशी और आंतरिक शक्ति मिलती है। हम मेडिटेशन से मन और बुद्धि को परमात्मा में एकाग्र करते हैं। आज की तेज और व्यस्त जीवन शैली में लंबे समय तक मेडिटेशन करना हर किसी के लिए संभव नहीं इसलिए इस सत्र में एक बहुत ही सरल और प्रभावी तरीका बताया गया कि हर घंटे केवल एक मिनट का मेडिटेशन करें। यह छोटा-सा अभ्यास मन को पुर्नव्यवस्थित करने का काम करता है। इससे फिर से ताजगी, शांति और एकाग्रता को महसूस करने लगते हैं। मेडिटेशन को मन और बुद्धि का आहार कहते है, क्योंकि यह हमें अंदर से मजबूत बनाता है। इससे डर, तनाव और चिंता जैसी समस्याओं से आसानी से बाहर निकल पाते है। उन्होंने कमेन्ट्री के माध्यम से बच्चों को राजयोग का अभ्यास भी कराया।





# बुद्ध पूर्णिमा पर वक्ताओं ने किया संवाद, दी जानकारी

रायपुर। हर्ष जनसेवा संस्था द्वारा बुद्ध पूर्णिमा एवं सम्राट अशोक महान को पुष्पांजलि तथा मजदूर दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. आंबेडकर अनुसूजाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा जैसे विषयों पर परिचर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रो. रतनलाल प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय, विशिष्ठ अतिथि पूर्व महापौर एजाज डेबर तथा अरूण पन्नालाल भी वक्ता के रूप में मंचस्थ रहे। जहां डॉ. जेआर सोनी, प्रो. एनवी ठोके, बौद्ध संस्कृति लेखक, विष्णुदत्त बघेल सहित कई वक्ताओं ने सार्थक संवाद किया, जिसमें लोगों को किस तरह से अधिकारों का सार्थक अध्यक्ष छग पिछड़ा समाज तथा डॉ. टीआर रामटेके पीएच. डी. प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व पर बात की। परिचर्चा का संचालन अरविंद मिश्र भारतीय संस्कृति निधि संयोजक ने किया।



### बुद्ध, सम्राट अशोक और संविधान पर संवाद

इससे पहले शाम 5 बजे परिचर्चा का प्रारंभ भगवान बुद्ध, सम्राट अशोक महान एवं संविधान के शिल्पकार डॉ. आंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए बौद्ध त्रिशरण-पंचशील का पठन करते हुए किया गया। डॉ. टीआर रामटेके ने परिचर्चा में अपने शोधपत्र का वाचन किया कि भगवान बुद्ध का जन्म ईसा पूर्व 567 में कपिलवस्तु के समीप नेपाल की तराई में स्थित लुम्बिनी में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। भगवान युद्ध को 35 वर्ष की आयु में बौद्धगया में पीपल के पेड़ के नीचे बौद्ध ज्ञान प्राप्त हुआ। सहित बौद्धग्रंथों से जुड़ी जानकारी दी। परिचर्चा के मुख्य वक्ता डॉ. रतनलाल ने भगवान बुद्ध, डॉ. आंबेडकर व मजदूर दिवस पर वैज्ञानिक वक्तव्य दिया है।

# 'चुड़ैल का आतंक' नाट्य मंचन आज

रायपुर। श्रीया आर्ट द्वारा 'चुड़ैल का आतंक' नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विवेकानंद आश्रम के पास, समता कॉलोनी, स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पं. सखाराम दुबे में 3 मई को होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम शाम 7 बजे प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लेखन निर्देशक ममता अहार, जेपी रथ प्रभारी, अशोक तिवारी, साहित्यकार रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहेंगे।

# महामाया सत्संग भवन में आज होगा 71 बटुकों का जनेऊ संस्कार

रायपुर। उत्कृष्ट ब्राह्मण सामाजिक संगठन और समग्र ब्राह्मण परिषद द्वारा रविवार को पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर के सत्संग भवन में 71 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जाएगा। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य में प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ब्राह्मण बटुकों का विधिवत संस्कार होगा। यह पहल विशेष रूप से वैदिक परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के लिए आयोजित किया जा रहा है। संगठन के सलाहकार एवं आयोजन के



संयोजक डॉ. भावेश शुक्ला पराशर ने आयोजन के संदर्भ में बताया कि संस्कार से पहले पारंपरिक विधियों जैसे तेलमाटी, मंडपाच्छादन, मातृका पूजन और हरिद्रालेपन किए जाएंगे।

### बटुकों ने भाग लेकर वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाया

पं. सजल तिवारी ने बताया कि समग्र ब्राह्मण परिषद द्वारा इसके बाद बटुकों का मुंडन संस्कार और फिर यज्ञोपवीत धारण कराया जाएगा। आचार्यों द्वारा उन्हें गायत्री मंत्र दीक्षा एवं जीवन के धार्मिक-सांस्कृतिक कर्तव्यों की शिक्षा दी जाएगी। अंत में बटुकों द्वारा भिक्षा-वृत्ति की परंपरा का प्रतीकात्मक निर्वहन भी कराया जाएगा। संगठन के प्रदेश सचिव पं. तिवारी ने बताया कि इस तरह के सामूहिक उपनयन की पहल इससे पहले भी परिषद द्वारा आयोजित किए जाते रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में बटुकों ने भाग लेकर वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाया है। इस बार भी छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के ब्राह्मण बटुक इस आयोजन का हिस्सा बनने वाले हैं।






सिटी स्पोर्ट्स

## नेशनल मास्टर्स टेटे में छत्तीसगढ़ की महिला टीम को कांस्य



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में महाराष्ट्र स्टेट टेबल टेनिस संघ द्वारा पुणे में 24 अप्रैल से 04 मई तक आयोजित ₹32वीं नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता₹ में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से पहली बार 40 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के महिला टीम में दिव्या आमदे, प्रमिला देवांगन एवं मोनिका दीवान ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ टीम को तेलंगाना टीम ने 3-1 से हराया जिसमें दिव्या आमदे ने बी. किरणमई को 3-0 से, प्रमिला देवांगन को सोनल असरानी ने 3-0 से, मोनिका दीवान को आई निशा ने 3-0 से तथा दिव्या आमदे को सोनल असरानी ने 3-2 से हराया, जिसके साथ ही छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ टीम ने आंध्र प्रदेश टीम को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी, सुरेश चन्नावार, उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े, प्रदीप जोशी, सचिव सार्थक शुक्ला, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला, छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमैन प्रदीप जनवदे, सचिव प्रेमराज जाचक एवं समस्त पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ मास्टर्स पुरुष एवं महिला (60+, 65+,70+,75+ और उससे अधिक) की टीम हिस्सा ले रही है। जिसके कोच पी.एन. मजुमदार (कोरिया) एवं मेनेजर विमल नायर (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ मास्टर्स पुरुष एवं महिला (40+, 45+, 50+ एवं 55+) टीम 28 अप्रैल को रवाना होगी। जिसके कोच दीपक कुमार वर्मा (रायपुर) एवं मैनेजर चिरंजीत राय (रायपुर महानगर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रिया चावड़ा (रायपुर) को चुना गया है। टीम में पुरुष (आयु वर्ग 40) निखिल बानी- कप्तान (रायपुर), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर), दीपक कुमार वर्मा (रायपुर) महिला (आयु वर्ग 40) दिव्या आमदे- कप्तान (रायपुर महानगर), प्रमिला देवांगन (रायपुर महानगर), मोनिका दीवान (बिलासपुर) पुरुष (आयु वर्ग 45) ए.जी. राजू (दुर्ग), महिला (आयु वर्ग 45) मनीषा वाईकर (रायपुर), पुरुष (आयु वर्ग 50) राजेश अग्रवाल (रायपुर), प्रमोद मौर्या (खैरागढ़) शामिल हैं।

## अंडर 16 एलिट ग्रुप शानदार मुकाबले जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध बिलासपुर में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू पहली पारी 227 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने पहली पारी में सात विकेट पर 154 रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड पहली पारी में 216 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में 8 विकेट पर 203 रन बनाए। राजहरा में टीम कोरबा विरुद्ध राजनांदगांव में बल्लेबाजी करते हुए कोरबा टीम पहली पारी में 45 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव पहली पारी 251 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कोरबा ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 98 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम कवर्धा विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन में बल्लेबाजी करते हुए कवर्धा पहली पारी 125 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने पहली पारी में सात विकेट पर 238 रन बनाए।

## अंडर-15 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित महिला अंडर-15 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शनिवार को मैच हुए। कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन में परिणाम वेस्ट जोन ने सात विकेट से जीता। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 5 विकेट पर 165 रन बनाए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 3 विकेट पर 166 रन बनाए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध साउथ जोन मे परिणाम साउथ जोन ने तीन विकेट से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने नौ विकेट पर 184 रन बनाए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 7 विकेट पर 185 रन बनाए।

### तपिश भरे इस मौसम में सोडियम का स्तर बनाए रखना जरूरी

# शरीर में सोडियम का स्तर कम होना भी जानलेवा इसका संतुलन बनाए रखने सावधान रहना जरूरी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को लो सोडियम लेवल के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शरीर में सोडियम का लेवल कम होने से शरीर पर क्या असर होता है? आप इससे कैसे बच सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।



देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। गर्मी का ये मौसम सेहत के लिए कई तरह की मुश्किलें बढ़ाने वाला हो सकता है। इन दिनों में सेहत को लेकर थोड़ी सी भी लापरवाही कई तरह की दिक्कतों का कारण बन सकती है। ज्यादा पसीना आने, पानी कम पीने और धूप में ज्यादा रहने के कारण शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होना, चक्कर आना या बेहोशी इन दिनों में काफी आम समस्या देखी जाती रही है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय भी इसी तरह की समस्या का शिकार हो गए हैं। खबरों के मुताबिक शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह अपने घर में लो सोडियम की समस्या होने के कारण बेहोश हो गए थे। फिलहाल वह डॉक्टरों की देखरेख में हैं।

राय ने दिन में पार्टी द्वारा आयोजित शिक्षकों और डॉक्टरों के सम्मेलन में हिस्सा लिया था। इस दौरान भी उन्होंने बेचैनी, दर्द और असहजता की शिकायत की थी। कार्यक्रम खत्म होने के कुछ ही देर बाद वह बेहोश हो गए। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि गर्मी के दिनों में ऐसी दिक्कत होना काफी सामान्य है और ये समस्याएं किसी को भी हो सकती हैं।

### शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर के ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस होना जरूरी है। इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम) विद्युत आवेशित यौगिक होते हैं जो शरीर की कोशिकाओं के लिए आवश्यक हैं। हम गर्मियों में सिर्फ पानी पीने को ही पर्याप्त मान लेते हैं, लेकिन शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि सोडियम, पोटैशियम और अन्य इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी बेहद जरूरी होता है।



सोडियम शरीर में पानी के संतुलन को बनाए रखने, नसों और मांसपेशियों के सही कामकाज और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में अहम भूमिका निभाता है। जब शरीर में सोडियम का स्तर सामान्य से कम होने को मेडिकल की भाषा में हाइपोनेट्रेमिया कहा जाता है। आहार में गड़बड़ी या फिर पानी कम पीने और धूप में रहने के कारण इसका खतरा काफी बढ़ जाता है।

### गर्मियों में लो सोडियम की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मियों में लो सोडियम की समस्या का जोखिम बढ़ जाता है। इस मौसम में ज्यादा पसीना आने से शरीर से पसीने के रूप में इलेक्ट्रोलाइट्स तेजी से बाहर निकल जाते हैं। अगर इस दौरान केवल पानी पीकर संतुलन बनाए रखने की कोशिश की जाए और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति न की जाए, तो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन हो सकता है। यही कारण है कि कई बार लोग अचानक कमजोरी या बेहोशी के कारण गिर जाते हैं। ब्लड टेस्ट में सोडियम का लेवल 135-145 mmol/L होना सामान्य और स्वस्थ संकेत माना जाता है। जब ये स्तर 135 mmol/L से कम हो जाता है तो इसे लो सोडियम माना जाता है। खान-पान में गड़बड़ी, एंटीडिप्रेशन और दर्द निवारक दवाएं भी सोडियम लेवल को कम कर सकती हैं।

### कैसे जानें सोडियम की कमी तो नहीं हो गई?

सोडियम की कमी के लक्षण आसानी से पहचाने जा सकते हैं। वैसे तो ये समस्या किसी भी समय हो सकती है, लेकिन गर्मी के दिनों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। हल्के मामलों में व्यक्ति को थकान, सिरदर्द, मतली और कमजोरी महसूस होती है। जैसे-जैसे सोडियम लेवल और कम होता है इसके लक्षण गंभीर हो सकते हैं। गंभीर स्थितियों में भ्रम, चक्कर आने, उल्टी, बोलने में दिक्कत और संतुलन खोने की समस्या हो सकती है।

## डायबिटीज को लेकर कई मिथ, इन्हें जानना जरूरी

भारत में 80 मिलियन से अधिक लोग डायबिटीज रोगी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा। भारत में डायबिटीज (मधुमेह) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। भारत को ₹डायबिटीज की राजधानी₹ भी कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हैं। भारत में इसके 80 मिलियन (8 करोड़) से अधिक रोगी हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा। डायबिटीज के लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अक्सर इसे उम्र बढ़ने से संबंधित बीमारी के रूप में देखा जाता है, पर मधुमेह की समस्या बहुत कम आयु वालों को भी हो सकती है। यदि आप शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, आहार में प्रोसेस्ड-फास्ट फूड्स की मात्रा अधिक है या फिर परिवार में पहले भी कुछ लोगों को मधुमेह की समस्या रही है तो इसका जोखिम आपमें भी हो सकता है। हालांकि अक्सर लोगों का मानना रहा है कि डायबिटीज सिर्फ उन्हीं को होता है जो अधिक मीठा खाते हैं। मीठी चीजें या आहार में कार्बोहाइड्रेट की अधिकता डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती है। हालांकि सिर्फ यही मधुमेह का कारण नहीं है। कई जोखिम कारक और भी हैं जो आपमें टाइप-2 मधुमेह के खतरे को बढ़ा देते हैं। यदि आपका वजन अधिक है, शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, प्रीडायबिटीज की समस्या है या मधुमेह का पारिवारिक इतिहास रहा है तो ये स्थितियां भी आपमें डायबिटीज का कारण हो सकती हैं। अक्सर फल, स्वाद में मीठे होते हैं।

# टाइगर कैपिटल-आईकेएफ सीज़न 6 ट्रायल्स में उमड़े जूनियर फुटबॉलर

**भिलाई।** टाइगर कैपिटल के सहयोग से इंडिया खेलो फुटबॉल (आईकेएफ) के सीज़न-6 का ट्रायल देने शनिवार की सुबह सेक्टर-2 के फुटबॉल ग्राउंड में 16 व 17 आयुवर्ग के खिलाड़ी उमड़े। यहां पहले सत्र में 100 से ज्यादा इन खिलाड़ियों ने निर्णायकों के सामने अपने फुटबॉल खेल का हुनर दिखाया। स्थानीय स्तर पर इस आयोजन में भागीदार लेमन ब्रेक अकादमी के प्रतिनिधि, स्पोर्टस एजुकेटर और भिलाई के पहले एएफसी के ए लाइसेंस्ड कोच राजशेखर मुराहरि ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन का विश्लेषण वीडियो रिकार्डिंग के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिन के इस ट्रायल के लिए 200 से ज्यादा जूनियर खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करवाया है। यहां शनिवार की शाम अंडर-13 आयुवर्ग के खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। टाइगर-आईकेएफ सीजन-6 ट्रायल 3 मई को भी जारी रहेगा।





राजशेखर ने बताया कि यहां दो दिन के ट्रायल के बाद चुने गए खिलाड़ियों को रीजनल क्वालिफायर के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के वीडियो का गहनता से विश्लेषण किया जाएगा। उसके बाद सूची जारी होगी। उन्होंने कहा कि सीज़न 6 सिर्फ एक ट्रायल नहीं है बल्कि यह हर खिलाड़ी के लिए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिसमें लेमन ब्रेक स्पोर्ट्स कल्याण-11 की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। वहीं 6 से 17 साल के फुटबॉलरों के लिए लेमन ब्रेक स्पोर्ट्स क्लायण-11 अकादमी की ओर से हाई परफार्मेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने की तैयारी है, जो भिलाई में पूरे साल चलेगा।

### जैन आज देंगे पैरेंटिंग टिप्स



खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में इस महत्वपूर्ण पहल के साथ आईकेएफ ने वरिष्ठ पेरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन के साथ विशिष्ट साझेदारी की है। जिसमें जैन देश के पहले फुटबॉल पेरेंट मेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इसके अंतर्गत चिरंजीव जैन 3 मई को शाम 7:30 बजे से फुटबॉल ग्राउंड सेक्टर-2 में पैरेंटिंग टिप्स देंगे। जिसमें सभी पालकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। उल्लेखनीय है कि चिरंजीव जैन एक अत्यंत सम्मानित और अनुभवी पेरेंटिंग कोच हैं, जो अब भारत के पहले फुटबॉल पेरेंट मेंटर की ऐतिहासिक भूमिका निभाएंगे। चिरंजीव जैन भिलाई ट्रायल में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और स्थानीय फुटबॉल समुदाय को युवा खिलाड़ियों की परवरिश पर अपनी अमूल्य दृष्टि से अवगत कराएंगे।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' आ गई बड़े परदे पर, सीक्वल को देखने दर्शक उत्साहित



'द डेविल वियर्स प्राडा 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लोगों की तरफ से फिल्म को लेकर पॉजिटिव रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' का सीक्वल है, जिसे नए अंदाज में बनाया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। आज फिल्म ने भारत में खबर लिखे जाने तक टोटल नेट 1.95 करोड़ की कमाई कर ली है। फिलहाल इसके आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।

फिल्म करीब 20 साल बाद सीक्वल के साथ वापस आई है। इसलिए लोगों में इसका खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। खास बात ये है कि 20 साल बाद भी फिल्म की कास्ट में ज्यादा बदलाव नहीं है। अहम किरदार मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट वहीं हैं, जो पुराने थे।

इस फिल्म की टक्कर थिएटर्स में माइकल फिल्म से होगी, जो 24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। माइकल फिल्म वर्ल्डवाइड शानदार कलेक्शन कर रही है और इसे लोगों से खूब प्यार मिल रहा है। फिलहाल 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आज पहला दिन है, तो देखना होगा अब दोनों में से कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर राज करती है। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं। ये सभी एक्टर्स पहली पार्ट में भी थे। वहीं फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में कुछ नए एक्टर्स भी शामिल हुए हैं।

### टॉलीवुड

## ममूटी-मोहनलाल की 'पैट्रियट' बनी साल की सबसे बड़ी मलयालम ओपनर



ममूटी और मोहनलाल की बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल स्पाई थ्रिलर फिल्म 'पैट्रियट' ने रिलीज के पहले दिन ही धमाका कर दिया है। फिल्म इस साल की सबसे बड़ी मलयालम ओपनर बन गई है। ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' 1 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का पहला दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार रहा। रिलीज से पहले ही फिल्म का जबरदस्त क्रेज था। अब रिलीज होने के बाद मूवी ने न सिर्फ इंडिया में बल्कि दुनियाभर में शानदार कमाई की है और इस साल की सबसे बड़ी मलयालम ओपनर बन गई है। सेकनिक के मुताबिक फिल्म 'पैट्रियट' ने पहले दिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 29.37 करोड़ की कमाई की। वहीं भारत में फिल्म ने 9.80 करोड़ का कलेक्शन किया है। बता दें कि भारत में इसे 2600 शोज मिले हैं। फिल्म ने एडवांस बुकिंग में ही अपना क्रेज साबित कर दिया था, जब इसकी प्री बुकिंग करीब 10 करोड़ तक पहुंच गई थी। यानी एडवांस बुकिंग में ही फिल्म ने करीब 10 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। फिल्म ने केरल में सबसे ज्यादा धमाका किया है। इस अकेले राज्य में फिल्म ने पहले दिन 8 करोड़ की कमाई की। बाकी की कमाई अन्य राज्यों से हुई। 'पैट्रियट' ने दूसरे दिन भी अपनी रफ्तार बनाए रखी है और शुरुआती ट्रेंड्स के मुताबिक फिल्म आज भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सेकनिक के मुताबिक, दूसरे दिन सुबह 10 बजे तक फिल्म ने करीब 20 लाख रुपये की कमाई कर ली है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 11.60 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जबकि इंडिया नेट कलेक्शन 10 करोड़ रुपये है। अब तक 251 शोज में फिल्म की ऑक्यूपेंसी 23% से ज्यादा दर्ज की गई है, जो एक ठीक-ठाक प्रदर्शन माना जा रहा है।

### भोजपुरी

## मनीषा से शादी करना चाहता है ये एक्टर, इस शर्त पर करेगा प्रपोज



अभिनेत्री मनीषा रानी के लिए एक एक्टर ने अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उनका कहना है कि अगर वह रोमांटिक रिश्ते में आए तो मनीषा से शादी कर लेंगे। 'द 50' की कंटेस्टेंट मनीषा रानी अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहती हैं। इस बार वह अगल वजहों से चर्चा में हैं। मामला उनकी शादी से जुड़ा है। एक एक्टर उनसे शादी करना चाहता है। उन्होंने उनके लिए अपनी भावनाएं भी जाहिर की हैं। यह एक्टर कोई और नहीं बल्कि उनके साथ 'द 50' में कंटेस्टेंट रहे सिद्धार्थ भारद्वाज हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपने प्यार का इजहार भी किया है। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में सिद्धार्थ भारद्वाज ने कहा 'मनीषा रानी बहुत अच्छी लड़की हैं, फिर भी वह मुझसे डरती हैं। उनके दिल में मेरे लिए प्यार है। उन्होंने मेरे लिए आंसू बहाए हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी परवाह है। वह यह भी समझती हैं कि मैं आजादी में विश्वास रखता हूं। उन्हें पहले भी प्यार में धोखा मिला है, और मुझे भी। मुझे पता है कि उनके दिल में मेरे लिए रोमांटिक भावनाएं हैं। मेरे दिल में भी उसके लिए वैसी ही भावनाएं हैं।'

एक्टर ने आगे कहा, 'मुझे डर है कि अगर मैं उनके साथ रोमांटिक रिश्ते में आ गया और उन्हें दुख पहुंचाया, तो मैं खुद को कभी माफ नहीं कर पाऊंगा। वह बहुत जिंदादिल और सच्ची लड़की हैं।

### लाइफ स्टाइल

## इजिप्ट की लालिमा



मिस्र (इजिप्ट) के लोग निस्संदेह हज़ारों सालों से ट्रेंडसेटर रहे हैं। उनकी सभ्यता अपने समय से कितनी आगे थी,यह समझना हो तो हमें बस उन कला और वास्तुकला में किए गए सुधारों पर गौर करना होगा, जो उन्होंने तब किए थे जब दुनिया का ज़्यादातर हिस्सा पाषाण युग में जी रहा था। यह फैशन 5000 सालों की प्रेरणा, कारीगरी और संसाधनों को आज के ज्ञान और तेज़ी से बदलते तकनीकी रुझानों के साथ जोड़ता है, जिससे मिस्र लगातार तरक्की करता रहा।

## घरेलू उपाय अपनाने पर गर्म हवाओं से मिलेगी स्किन को राहत

गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से अधिकतर महिलाएं काफी परेशान रहती हैं। हीट वेव न सिर्फ आपकी स्किन को नुकसान पहुंचती है, बल्कि इसकी वजह से पूरे गर्मी के मौसम में महिलाएं चिड़चिड़ा पन महसूस करती है। अगर आप भी हीट वेव्स से बचना चाहती हैं और अपनी स्किन को स्वस्थ रखना चाहती है, तो अब आपको टेंशन करने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप घर पर रहकर हीट वेव से बच सकती है और अपनी स्किन को स्वस्थ रख सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि हीट वेव की वजह से परेशान होना ही काम समस्या है अगर आप भी गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से परेशानियां झेल रही है तो आप घर पर रहकर कुछ उपाय कर सकती हैं आईए जानते हैं उन उपाय के बारे में।

### खीरे से बनाएं फेस पैक

हीट वेव से बचने के लिए और स्किन को स्वस्थ रखने के लिए आप घर पर खीरे से फेस पैक तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले खीरे को कद्दूकस कर लें, इसके बाद इसे के कंटेनर में निकाल लें। अब आप इसमें एलोवेरा जेल, रोस मैरी वाटर, मलाई, विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ी हल्दी डाल लें। अब इस मिश्रण को अच्छे से फेंट ले उसके बाद थोड़ी देर के लिए ढककर रख दें।

आप इस फेस पैक को हफ्ते में तीन बार लगा सकती हैं। ऐसा करने से आपको हीट वेव की वजह से होने वाली परेशानियों से राहत मिल



सकती है। यही नहीं जब भी आप इस फेस पैक का इस्तेमाल करें, तो पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें, उसके बाद ही इसे चेहरे पर लगाएं। यह फेस पैक गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करेगा। हीट वेव या भीषण गर्मी में त्वचा को शांत और स्वस्थ रखने के लिए उसे ठंडा, हाइड्रेटेड और सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। ठंडी सिकाई-एक साफ कपड़े को ठंडे पानी में भिगोकर या बर्फ के टुकड़े को तौलिये में लपेटकर प्रभावित जगह (गले, कलाई, माथे) पर 5-10 मिनट तक लगाएं। एलोवेरा जेल-एलोवेरा के पौधे से ताजा जेल निकालकर सनबर्न या जलन वाली त्वचा पर लगाएं। इसमें सूजनरोधी गुण होते हैं जो त्वचा को ठंडक देते हैं।

## सिंपल कुर्ता सेट के साथ जमेंगे फुलकारी दुपट्टे के खास डिजाइंस



फुलकारी दुपट्टों में नई डिजाइन और वेराइटी तलाश रही हैं, तो आपको कुछ खास डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए। सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ भी आप इन्हें पहनेंगी, तो लोग मुड़-मुड़ कर आपको देखेंगे। आजकल महिलाओं को बहुत ज्यादा तड़भड़क वाले कुर्ता सेट नही पसंद आते। आजकल महिलाएं सिंपल और सोबर कुर्ता सेट ज्यादा पसंद करती हैं, मगर स्टाइल से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं। इसके लिए वे दुपट्टे में वेराइटी तलाशती हैं। आजकल मार्केट में ऐसे दुपट्टे आने भी लगे हैं, जो एक सिंपल से कुर्ता सेट को महंगा सा डिजाइनर लुक दे सकते हैं। फिर चाहे आप कॉटन, नेट, सिल्क किसी में भी दुपट्टा खरीद लें। इसके साथ ही अब कढ़ाईदार दुपट्टे बहुत पसंद किए जा रहे हैं। जिसमें फुलकारी वर्क वाले दुपट्टों की डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आपको फुलकारी दुपट्टों में ढेरों वेराइटी देखने को मिलेगी। बेस्ट बात तो यह है कि आप इसे सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ पहन सकती हैं और ऑफिस, पार्टी या किसी छोटे-मोटे समारोह में जा सकती हैं। चलिए हम आपको इस दुपट्टे की कुछ डिजाइंस दिखाते हैं और इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी बताते हैं।





### लाइट एम्ब्रॉयडरी फुलकारी दुपट्टा

बाजार में आपको लाइट फुलकारी एम्ब्रॉयडरी वाले दुपट्टों में अच्छी वेराइटी देखने को मिल जाएगी। इसमें आपको हैवी बॉर्डर के साथ पूरे दुपट्टे में फूलों का बारीक जाल देखने को मिल जाएगा। वहीं छोटे-छोट मोटिफ में कढ़ाई वाले दुपट्टे भी आपका मिल जाएंगे। इस तरह के दुपट्टे ऑफिस के लिए बहुत अच्छे हैं। आप इसे डेली यूज के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं। कीमत- बाजार में इस तरह के दुपट्टे आपको 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में मिल जाएंगे।


## ट्रेंडी हेयर स्टाइल देंगे अप्सरा जैसा लुक

शादी या किसी खास मौके पट अप लहंगा स्टाइल करने का सोच रही हैं तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं जो आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

हेयरस्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करता है और ये ही वजह हैं कि महिलाएं बेस्ट आउटफिट के साथ परफेक्ट हेयर स्टाइल बनवाना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप लहंगा स्टाइल कर रही हैं और इस दौरान अप्सरा जैसा लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के 3 ट्रेंडी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा साथ ही, आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

बन हेयर स्टाइल

एक्ट्रेस शनाया कपूर की तरह आप लहंगे के साथ आप इस तरह का बन हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह का बन हेयर स्टाइल न्यू और स्टाइलिश टच देने का काम करेगा। बन हेयर स्टाइल आप कई तरह से बना सकती हैं। इसमें आपको बालों को पीछे तरह करना है और ऊपर पिन की मदद से बालों को बन बना देना है। वहीं न्यू लुक देन के लिए आप इसके ऊपर फूल भी लगा सकती हैं।



### ओपन हेयर स्टाइल

ओपन हेयर स्टाइल को किस तरह का होता हैं। इसके लिए आप एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लुक से आइडिया ले सकती हैं। यह हेयर स्टाइल बनाना आसान है और इसे आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस हेयर स्टाइल को आप बालों को खुला छोड़कर कर्ल कर दें। इसी के साथ इस हेयर स्टाइल को कई और तरह से भी आप बना सकती हैं। वहीं इस ओपन हेयर स्टाइल के साथ आप न्यू एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं।

## साड़ी लुक को बनाना है अट्रैक्टिव तो हाथों में पहनें लेटेस्ट डिजाइंस वाली रिंग्स

सुंदर नजर आने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट एक्सेसरीज का चुनाव करती हैं तो, वहीं इस एक्सेसरीज में रिंग भी आती हैं। रिंग आपके आउटफिट को न्यू टच साथ ही, हाथों को सुंदर बनाने का काम करती है। रिंग आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर अपने लुक अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं तो, आप साड़ी के साथ ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले रिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### स्टोन रिंग

अगर आप लाइट कलर की साड़ी स्टाइल कर रही हैं तो, आप इस तरह की रिंग स्टाइल कर सकती हैं। इस रिंग में स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, ये राउंड डिजाइन में है। इस तरह का रिंग आपके लुक को सुंदर बनाने का काम करेगा और इसे आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। जो आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं।

### कुंदन वर्क रिंग

ट्रेंडी लुक के लिए आप इस तरह की कुंदन वर्क रिंग का



चुनाव कर सकती हैं और इस रिंग में आपके लुक न्यू टच देने का काम करेंगे। इस तरह की रिंग आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। यह रिंग आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### मोती डिजाइन रिंग

आपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप इस तरह के कुंदन वर्क में मोती डिजाइन वाले रिंग का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की रिंग आपको 150 रूपये से कम कीमत में खरीद कर लाइट और डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज


### आजकल कम उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां हो गई आम बात

## नौजवानों के चेहरे पर नजर आ रही हैं झुर्रियां कुछ उपाय से पा सकते हैं यंग और हेल्दी स्किन

आजकल बहुत से लोगों में 30 की उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती है। लेकिन यह केवल बढ़ती उम्र का असर नहीं होता, बल्कि कई अन्य कारण भी होते हैं जो त्वचा को जल्दी बूढ़ा बना सकते हैं। हालांकि, अगर कुछ सरल और प्रभावी उपाय अपनाए जाएं तो आप अपनी त्वचा को यंग और हेल्दी रख सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे तरीकों के बारे में जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को लंबी उम्र तक जवां और चमकदार बना सकते हैं।

### सही डाइट का लेना बेहद जरूरी

आपकी त्वचा का स्वास्थ्य सीधे आपकी डाइट से जुड़ा होता है। यदि आप पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेते हैं, तो आपकी त्वचा भी स्वस्थ और जवां रहती है। ताजे फल और सब्जियां को हर दिन अपनी डाइट में शामिल करना जरूरी होता है। ताजे फल और सब्जियां विटामिन C, E और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो त्वचा को नुकसान से बचाती हैं। उदाहरण के लिए, संतरा, अंगूर, पत्तेदार हरी सब्जियां, गाजर आदि।



### ऐसे रखें त्वचा को हाइड्रेटेड

मछली, अखरोट, अलसी और चिया सीड्स भी चेहरे के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। ये त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। यह त्वचा को तरोताजा बनाए रखता है और समय से पहले झुर्रियां आने से रोकता है। धूप में सीधे संपर्क से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचता है, जिससे समय से पहले झुर्रियां, डार्क स्पॉट्स और सनबर्न हो सकते हैं।

### जरूर करें संसक्रीन का उपयोग

बाहर जाने से पहले एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा का सनस्क्रीन इस्तेमाल करें। यह त्वचा को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाता है। सूरज की किरणों से बचने के लिए कोशिश करें कि धूप में ज्यादा समय न बिताएं, खासकर सुबह 10 से 4 बजे के बीच का समय काफी अहम होता है। स्किनकेयर रूटीन में नियमितता बेहद जरूरी है।

### अच्छे मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करें



अपनी त्वचा को हर दिन अच्छी तरह से साफ करें ताकि गंदगी और तेल हट सके। लेकिन क्लींजर ऐसा हो जो आपकी त्वचा को ड्राई न करे। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा की इलास्टिसिटी बनी रहती है और झुर्रियां कम होती हैं। विटामिन C और रेटिनॉल वाले क्रीम्स और सीरम्स का इस्तेमाल करें। ये त्वचा की मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाते हैं और कोलेजन को बनाए रखते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं और दूध त्वचा को मुलायम बनाए रखता है।